

जम्मू-कश्मीर में महसूस किए गए भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 3.8 रही तीव्रता

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोकशक्ति

RNI Regn. No.7789/1964



श्री सिद्धिविनायक गणपति भगवान को चढ़ाए गए सोने के गहनों की होगी नीलामी

वर्ष-60 › अंक -95 रायपुर शनिवार 6 अप्रैल 2024 शुक्लपक्ष विक्रम संवत 2080 पृष्ठ 8 › मूल्य : 2 रू डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


# चूरू ने बता दिया है 4 जून 400 पार : मोदी

एजेंसी।

चूरू के लोगों के बीच पहुंचे पीएम मोदी ने कहा कि हमारी समाज रचना ऐसी रही है कि घर,गाड़ी,खेत समेत सबकुछ पुरुष के नाम पर होता है. लेकिन मोदी ने तय कर लिया सरकार की तरफ से दिया गया घर महिलाओं के नाम पर होगा. उन्होंने कहा कि जब राजस्थान विकसित होगा तो भारत भी विकसित होगा. पीएम मोदी की तरफ से पिछले 10 साल में देश के लिए किए गए कामों से विकसित भारत की नींव तैयार हुई है.

**कांग्रेस ने किए बड़े-बड़े घोटाले÷** कांग्रेस की पिछली सरकार पर हमलावर पीएम मोदी ने कहा कि 10 साल पहले देश की हालत खस्ता थी. कांग्रेस के बड़े-बड़े घोटालों और लूट की वजह से अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी और करोड़ों गरीबों के सिर पर छत तक नहीं थी.

**÷मोदी ने की हर मुस्लिम परिवार की रक्षा÷** पीएम मदी ने कहा कि उनकी सरकार ने हर मुस्लिम परिवार की रक्षा की है. पहले मुस्लिम परिवार का हर पिता सोचता था कि बेटी की शादी तो कर दी लेकिन अगर 2-3 बच्चे होने के बाद अगर तीन तलाक करके भेज दिया गया तो वह बेटी को कैसे संभालेगा. लेकिन इस सरकार ने तीन तलाक पर कानून लाकर इस कुप्रथा को ही खत्म कर दिया.

**÷खाने की पूरी थाली आनी बाकी÷** - बीजेपी के कामकाज का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अब तक हुआ काम तो सिर्फ ट्रेलर मात्र है. जो मोदी ने किया है वो तो एपेटाइजर है, अभी तो खाने की पूरी थाली आनी बाकी है. अभी तो बहुत कुछ करना है, सपने बहुत हैं और देश को बहुत आगे लेकर जाना है.

मोदी ने की हर मुस्लिम परिवार की रक्षा पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने हर मुस्लिम परिवार की रक्षा की है. पहले मुस्लिम परिवार का हर पिता सोचता था कि बेटी की शादी तो कर दी लेकिन अगर 2-3 बच्चे होने के बाद अगर तीन तलाक करके भेज दिया गया तो वह बेटी को कैसे संभालेगा. लेकिन इस सरकार ने तीन तलाक पर कानून लाकर इस कुप्रथा को ही खत्म कर दिया।

**कांग्रेस ने किए बड़े-बड़े घोटाले** - कांग्रेस की पिछली सरकार पर हमलावर पीएम मोदी ने कहा कि 10 साल पहले देश की हालत खस्ता थी. कांग्रेस के बड़े-बड़े घोटालों और लूट की वजह से अर्थव्यवस्था चरमरा गई थी और करोड़ों गरीबों के सिर पर छत तक नहीं थी.

**खाने की पूरी थाली आनी बाकी** - बीजेपी के कामकाज का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अब तक हुआ काम तो सिर्फ ट्रेलर मात्र है. जो मोदी ने किया है वो तो एपेटाइजर है, अभी तो खाने की पूरी थाली आनी बाकी है. अभी तो बहुत कुछ करना है, सपने बहुत हैं और देश को बहुत आगे लेकर जाना है।



## भाजपा ने कांग्रेस के घोषणापत्र को बताया झूठ का पुलिंदा, कहा- मतदाताओं को भ्रमित करना मकसद




**एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए जारी किए गए कांग्रेस के घोषणापत्र को 'झूठ का पुलिंदा' करार दिया और आरोप लगाया कि देश में दशकों तक शासन करने वाली इस पार्टी ने विधानसभा और लोकसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में किए गए किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा करने के लिए कांग्रेस इस तरह का चुनावी घोषणापत्र लेकर आई है। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस का घोषणापत्र झूठ का पुलिंदा है। इसे मतदाताओं के बीच भ्रम पैदा करने के लिए तैयार किया गया है।'' त्रिवेदी ने कहा कि दशकों तक देश में शासन करने वाली कांग्रेस आज 'न्याय' की बात कर रही है लेकिन उसकी सरकारों ने सत्ता में रहते हुए न्याय नहीं किया। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र का नाम रखा है 'न्याय पत्र'। मतलब इन्होंने मान लिया है कि 55 साल इन्होंने अन्याय किया है।

## अलीगढ़ में गरजे सीएम योगी आदित्यनाथ, बोले- खतरा बनने वालों का कर देते हैं राम नाम सत्य

**एजेंसी।** लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के फायर ब्रांड नेता अलग-अलग स्थानों पर जाकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस बीच उत्तर प्रदेश खे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ जिले में पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए बयान दिया। उन्होंने कहा कि देखो हम राम को लाते ही नहीं है। बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए जो खतरा बनता है, उसका राम नाम सत्य भी कर देते हैं। इस रैली में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत का विकास तभी संभव है जब उत्तर प्रदेश का विकास हो और उत्तर प्रदेश का विकास तभी संभव है जब साथ में अलीगढ़ का विकास हो।



सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहील बार है जब चुनाव चल रहे हैं और लोगों को कयास लगाने की जरूरत नहीं है। लोगों में पहले से तय है कि तीसरी बार फिर मोदी सरकार। पूरे देश में यही आवाज है। चाहे अलीगढ़ हो या सहारनपुर या बागपत। ये आवाज वैसे ही नहीं है।

हमारे भारतीय समाज के लिए दो कदम चलता है तो हम भी कृतज्ञतावश 4 कदम चलने का प्रयास करते हैं। यही हमारी परंपरा है और यही हमारा संस्कार है। हम नए भारत को देख रहे हैं, जिसका सम्मान दुनियाभर में हैं। जिसकी सीमाएं सुरक्षित हैं। आतकंवाद, नक्सवाद समाप्त हुआ है, ऐसा भारत देख रहे हैं।

# रायपुर : बिजली दफ्तर में लगी भीषण आग

## 1000 से अधिक ट्रासंफार्मर जले, 50 हजार लोग हुए प्रभावित





**लापरवाही के चलते भीषण हादसा**

यह बड़ी घटना लापरवाही के चलते हुई है. सबसे पहले गार्ड ने आग के लपटों को उठते देखा. जिसके बाद आग बुझाने के बजाय वो अधिकारियों को सूचना देने चले गए. इस लापरवाही के चलते ही आग काफी दूर तक तेजी से फैल गई. साथ ही आसपास की बिजली को भी काटी गई है.

लोकशक्ति।

गुढ़ियारी के बिजली दफ्तर में लगी आग ने विकराल रूप ले लिया है. पिछले चार घंटे से अग्निशमन, SDRF समेत आधा दर्जन से ज्यादा विभागों की टीम रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है. वहीं प्रशासन ने तीन बस्तियों को खाली करा दिया है. यह भीषण आग अब भी नियंत्रण के बाहर है. बताया जा रहा कि दमकल वाहन के डेढ़ घंटे लेट पहुंचने से आग ने भीषण रूप लिया है. आग पर नियंत्रण पाने में जिला प्रशासन पूरी तरह फेल साबित हो रहा. बिजली सब डिवीजन दफ्तर में अगर समय पर रेस्क्यू ऑपरेशन जारी किया जाता तो भीषण आग पर काबू पाया जा सकता था. इससे 50 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं और पास की बस्ती तक आगजनी से प्रभावित हुई है। अब तक पंद्रह दमकल की गाड़ियां रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी है. वहीं आग को फैलने से बचाने के लिए पानी टंकी का चेंबर वाल तोड़कर जमीन को गीला किया जा रहा है।

## कच्चातिवु द्वीप के मुद्दे पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दी प्रतिक्रिया,बोले- लोगों को सच्चाई पता होनी चाहिए

**एजेंसी।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कच्चातिवु द्वीप के मुद्दे पर अपनी प्रतिक्रिया दी है. विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि इंदिरा गांधी ने जब 50 साल पहले श्रीलंका को भारत का यह द्वीप सौंपा था, तब डीएमके भी उसके पक्ष में थी. लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान तमिलनाडु में वोटिंग से पहले एस जयशंकर कहा कि राज्य के लोगों को इस मामले की पूरी सच्चाई पता होनी ही चाहिए. आगे एस जयशंकर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमें लगता है ये सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा है जिसके बारे में सबको पता होना चाहिए.तमिलनाडु के लोगों को भी जानकारी होने की चाहिए. ऐसा किस वजह से हुआ.जब केंद्र सरकार से इस मुद्दे पर बात



हो रही थी, तो वास्तव में तत्कालीन राज्य सरकार से परामर्श कर रहे थे.जिसका नेतृत्व डीएमके कर रही थी.

**कच्चातिवु द्वीप आखिर क्या है** - कच्चातिवु पाक जलडमरूमध्य में एक छोटा-सा द्वीप है, जो बंगाल की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है. ये भारत के रामेश्वरम और श्रीलंका के बीच स्थित है.कहा जाता है कि इसका निर्माण 14वीं शताब्दी में एक ज्वालामुखी विस्फोट के कारण हुआ था।

## मोबाईल के यूपीआई से ही कैश एटीएम से निकाल सकेंगे जल्द ही

**एजेंसी।** भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025 की पहली मौद्रिक नीति बैठक में UPI को लेकर एक बड़ा ऐलान किया है. अगर आप UPI का इस्तेमाल करते हैं तो आपके लिए एक बड़ी सुविधा आने वाली है. इस सुविधा के तहत बहुत जल्द आप UPI का उपयोग करके अपने बैंक अकाउंट में कैश को जमा करा सकते हैं. भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के शक्तिकांत दास के अनुसार, जल्द ही यूपीआई के जरिए कैश जमा करने को लेकर मशीन का उपयोग कर सकेंगे. शक्तिकांत दास के अनुसार, ये सेवा बड़ी आसान होगी. इसमें कैश में जमा करने को लेकर बैंक के अब चक्कर नहीं कांटने होंगे।

## सीएम योगी आदित्यनाथ बोले- खतरा बनने वालों का कर देते हैं राम नाम सत्य

एजेंसी।

लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। इस बीच भारतीय जनता पार्टी के फायर ब्रांड नेता अलग-अलग स्थानों पर जाकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इस बीच उत्तर प्रदेश खे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ जिले में पहुंचे। यहां उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए बयान दिया। उन्होंने कहा कि देखो हम राम को लाते ही नहीं है। बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए जो खतरा बनता है, उसका राम नाम सत्य भी कर देते हैं। इस रैली में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत का विकास तभी संभव है जब उत्तर प्रदेश का विकास हो और उत्तर प्रदेश का विकास तभी संभव है जब साथ में अलीगढ़ का विकास हो।



अलीगढ़ में गरजे सीएम योगी

सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पहील बार है जब चुनाव चल रहे हैं और लोगों को कयास लगाने की जरूरत नहीं है। लोगों में पहले से तय है कि तीसरी बार फिर मोदी सरकार। पूरे देश में यही आवाज है। चाहे अलीगढ़ हो या सहारनपुर या बागपत। ये आवाज वैसे ही नहीं है। हमारे भारतीय समाज के लिए दो कदम चलता है तो हम भी कृतज्ञतावश 4 कदम चलने का प्रयास करते हैं। यही हमारी परंपरा है और यही हमारा संस्कार है। हम नए भारत को देख रहे हैं, जिसका सम्मान दुनियाभर में हैं। जिसकी सीमाएं सुरक्षित हैं। आतकंवाद, नक्सवाद समाप्त हुआ है, ऐसा भारत देख रहे हैं।

### दंगा मुक्त हुआ उत्तर प्रदेश

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोई सोचता था कि उत्तर प्रदेश दंगा मुक्त होगा। आज उत्तर प्रदेश दंगामुक्त हुआ है। कर्फ्यू से मुक्त हुआ है और कांड़ यात्रा भी धूम-धाम से निकल रहा है। पर्व और त्योहार कोई भी हो शांति पूर्वक तरीके उन्हें संपन्न कराया जा रहा है। उपद्रव के लिए जाना जाने वाला उत्तर प्रदेश आज उत्सव प्रदेश बन गया है। कहीं रामोत्सव तो कहीं रंग उत्सव और कहीं कृष्ण उत्सव ये सब उत्तर प्रदेश की पहचान बन गई है।

## BRS नेता के. कविता की बढ़ी मुश्किलें, कोर्ट ने जेल में पूछताछ के लिए CBI को दी अनुमति

एजेंसी।

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता से तिहाड़ जेल में पूछताछ करने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को शुक्रवार को अनुमति दे दी। बता दें कि के. कविता को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में 15 मार्च को गिरफ्तार किया था। सीबीआई की याचिका पर अदालत ने यह आदेश जारी किया।

**कोर्ट ने क्या आदेश दिया**

कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि CBI IO एक महिला कांस्टेबल/CBI के हेड कांस्टेबल के साथ, एक दिन की अग्रिम



लिखित सूचना देने के बाद इस सप्ताह के किसी भी आने वाले दिन में आगे की जांच और उसके बयान दर्ज करने के उद्देश्य से जेल का दौरा कर सकती है। अदालत ने जांच/पूछताछ के लिए जेल परिसर के अंदर अपने साथ एक लैपटॉप और अन्य आवश्यक स्टेशनरी सामान ले जाने की भी अनुमति दी। दरअसल, सीबीआई बुच्ची बाबू के फोन से बरामद व्हाट्सएप चैट और भूमि सौदे से संबंधित दस्तावेजों के बारे में के. कविता से पूछताछ करना चाहती है, जिसमें रिश्वत के तौर पर आप को 100 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया था।

## गुजरात में चुनाव से पहले कांग्रेस नेता फरसुभाई गोकलानी बीजेपी में हुए शामिल

**एजेंसी।** गुजरात कांग्रेस नेता फ रसुभाई गोकलानी अपने समर्थकों के साथ शुक्रवार को प्रदेश अध्यक्ष सीआर पाटिल की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हो गए। इस मौके पर



पाटिल ने इस बात पर जोर दिया कि कार्यकर्ताओं का उत्साह अपने चरम पर है, आगामी चुनाव में बीजेपी जीत का परचम हर कीमत पर लहराएगी। उन्होंने निर्णायक जीत के लिए पार्टी की रणनीति पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा की संगठनात्मक ताकत और जमीनी स्तर पर लामबंदी को रेखांकित किया।

# जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर झूठ फैला रहे हैं संजय सिंह : भाजपा

एजेंसी।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह अदालत द्वारा दी गई जमानत की शर्तों का उल्लंघन कर रहे हैं।

गौरव भाटिया ने भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए कहा कि संजय सिंह अभियुक्त हैं, जिनको कोर्ट ने अभी तक बरी नहीं किया है। संजय सिंह भी अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया की तरह ही कट्टर बेईमान हैं और एक अभियुक्त जमानत पर बाहर आकर दूसरे अभियुक्तों को क्लीन चिट दे रहा है।

उन्होंने कहा कि संजय सिंह को जमानत देते समय कोर्ट ने शर्त लगाई थी कि वह केस पर नहीं बोलेंगे। लेकिन, आप नेता इसका उल्लंघन कर रहे हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि इस मामले में क्या कार्रवाई होगी, वह इस पर कमेंट नहीं करेंगे क्योंकि यह जांच एजेंसी और अभियुक्त का मामला है और अदालत भी इस पर स्वतः संज्ञान ले सकती है।

उन्होंने कहा कि शराब घोटाले को लेकर भ्रम और झूठ फैलाया जा रहा है। संजय सिंह आरोप लगा रहे हैं कि शराब घोटाला नहीं हुआ है और गवाहों के बयान डरा-धमकाकर लिए गए हैं, वह पूरी तरह से गलत है। मनीष सिसोदिया समेत कई आरोपियों को जमानत नहीं मिली है। गवाहों के बयान 164 के तहत मजिस्ट्रेट के सामने दर्ज किए गए हैं, जिसकी कानून की नजर में बहुत अहमियत होती है। यह कानून की नजर में सबूत के तौर पर माना जाता है।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और फिर भ्रष्टाचारियों पर तेजी से कार्रवाई होगी और इसलिए ये सारे लोग डरे हुए हैं। भाटिया ने कांग्रेस के घोषणा पत्र की भी जमकर आलोचना की और कर्नाटक के कांग्रेसी मंत्री द्वारा पुलवामा को लेकर दिए गए बयान पर भी राहुल गांधी से सवाल पूछा।

### नौटंकीबाज हैं संजय सिंह, एक घंटे में ही व्हीलचेयर से कार की छत पर कैसे चढ़ गए?'



संजय सिंह भाजपा भी पलटवार कर रही है। अब दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने संजय सिंह पर नौटंकी करने का आरोप लगाया है। वीरेंद्र सचदेवा ने पूछा कि जब संजय सिंह को जमानत मिली थी, तो वह अस्पताल में थे। उसके बाद वह अस्पताल से तिहाड़ जेल तक व्हीलचेयर पर आये और फिर 15 मिनट भी बाद ही कार की छत पर चढ़ गए। वीरेंद्र सचदेवा ने आगे कहा कि जब फिर सहानुभूति लेनी थी तो वह व्हीलचेयर पर आ गए। संजय सिंह को नौटंकीबाज बताते हुए वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि यह लोग सिर्फ नौटंकी करते हैं, मुद्दों की बात नहीं करते हैं। वीरेंद्र सचदेवा ने संजय सिंह से पूछा कि जब शराब नीति में बदलाव किया जा रहा था, तो उन्होंने रात 1 बजे से 3 तक रेस्टोरेंट मालिकों के साथ बैठक की थी कि नहीं की थी? उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि शराब नीति में बदलाव के नाम पर रेस्टोरेंट मालिकों से पैसे वसूले गए थे और अगर नीति ठीक थी तो इसे बदल क्यों दिया गया।

# चीन ने फिर ठोका अरुणाचल प्रदेश पर दावा, 30 शहरों के बदले नाम, भारत ने जताई आपत्ति

एजेंसी।

भारत और चीन के बीच पिछले चार साल से तनाव की स्थिति बनी हुई है. इसी बीच ड्रैगन आए दिन अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा ठोंकता रहता है. अब एक बार चीन ने फिर से ऐसी ही हिमाकत है. चीन ने अरुणाचल प्रदेश के दो दर्जन से ज्यादा शहरों के नाम बदलकर उसे अपना हिस्सा बताया है. पीटीआई के मुताबिक, चीन ने अरुणाचल प्रदेश के 30 जगहों का नाम बदल दिया है. इसी के साथ ही भारत ने भी चीन को जवाब दिया है. भारत ने कहा है कि चीन का ऐसा करने से वास्तविक स्थिति में कोई बदलाव नहीं आएगा.



**चीन ने जारी की नए नाम वाले स्थानों की सूची**

बता दें कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश में अलग-अलग 30 स्थानों का नाम बदला है. इसे लेकर चीन ने एक लिस्ट भी जारी की है. साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने शनिवार को खुलासा किया कि उसने भारत के साथ सीमा पर 30 और स्थानों का नाम बदल दिया है. मंत्रालय द्वारा प्रकाशित ÷मानकीकृत÷ नामों का नवीनतम सेट अरुणाचल प्रदेश के भीतर के क्षेत्रों पर लागू होता है, जिसे चीन ज़ंगनान के रूप में संदर्भित किया गया है. जिसमें चीन ने इसे तिब्बती स्वायत्त क्षेत्र का हिस्सा होने का दावा किया है.

रिपोर्ट में मंत्रालय के हवाले से बताया गया है कि, ÷भौगोलिक नामों के प्रबंधन पर राज्य परिषद (चीन की कैबिनेट) के प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार, हमने संबंधित विभागों के साथ मिलकर चीन के ज़ंगनान में कुछ भौगोलिक नामों को मानकीकृत किया है.÷ इन नामों में 11 आवासीय डिस्ट्रिक्ट, 12 पहाड़, चार नदियां, एक झील, एक पहाड़ी दर्रा और एक इलाका शामिल है।







सांसद संतोष ने लिखा: लोकसभा क्षेत्र राजनांदगांव के बोड़ला में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम, ग्राम नेउरडीह में नवधा रामायण कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ और पूजा-अर्चना कर सबके स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना किया।

## डा. रमन सिंह से सीएम साय ने की मुलाकात

रायपुर, 05 अप्रैल (आरएनएस)। पूर्व सीएम रमन सिंह से मुलाकात कर सीएम साय ने स्वास्थ्य का हाल जाना। रमन सिंह ने पोस्ट में बताया कि निवास स्थान रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आत्मीय मुलाकात हुई। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य का हाल जाना तथा विभिन्न विषयों पर सार्थक संवाद हुआ। वित्तमंत्री ओपी चौधरी भी मुलाकात करने पहुंचे थे - रमन सिंह ने बताया, छत्तीसगढ़ शासन में वित्त मंत्री ओपी चौधरी से निवास स्थान, रायपुर में मुलाकात सुखद रही। इस मुलाक़ात के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य का हाल जाना और प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक संवाद किया।

## कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर अवैध मदिरा बिक्री पर कार्यवाही

रायपुर, 05 अप्रैल (आरएनएस)। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर अवैध मदिरा बिक्री पर कार्यवाही की गई है। उपायुक्त श्री विकास गोस्वामी ने प्राप्त शिकायत के आधार पर 4 अप्रैल की रात को गश्त के दौरान आबकारी टीम वृत्त खरोरा, वृत्त तिल्दा की संयुक्त टीम ने ग्राम खरोरा, लोहारपारा में दबिश देकर आरोपी अजय धीवर से 60.120 बल्क लीटर देशी मदिरा जप्त किया। जिसकी कीमत 36740 रूपये है। आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को जेल दाखिल किया गया है। कार्यवाही के दौरान उप निरीक्षक प्रीति कुशवाहा, दिलीप कुमार प्रजापति, आरक्षक दिगंबर बुरा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## यूपी की 3 महिलाएं गांजा तस्करी करते हुए गिरफ्तार

गरियाबंद-रायपुर, 05 अप्रैल (आरएनएस)। एमपी, राजस्थान और ओडिसा के बाद अब यूपी की महिलाएं गांजा की तस्करी करते हुए पकड़ी गई हैं. महिलाओं ने 3 लाख रुपए कीमत का गांजा ट्रॉलियों के अंदर नई साड़ियों के बीच में लपेटकर रखा था. मैनपुर पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर महिलाओं को यात्री बस से उतार कर कार्यवाही को अंजाम दिया. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यूपी के बलिया जिले की रहने वाली तीन महिलाएं देवभोग से रायपुर जाने वाली बस में सवार होते ही शक के दायरे में आ गई. मुखबिर से मिली सूचना पर मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर हुर्रा ने बोईर गांव के पास बस को रोककर महिलाओं से पूछताछ करने के साथ इनके पास रखी ट्रालियों की गवाहों के समक्ष जांच की गई, जिसमें पैकेटों में 3 लाख रुपए मूल्य का 30 किलो गांजा जब्त किया गया।

## लाखों रुपए के गांजा के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

रायपुर, 05 अप्रैल (आरएनएस)। राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में गांजा बेचते व तस्करी करते तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 113 किलो 670 ग्राम गांजा और कार जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार अभनपुर पुलिस ने रेलवे अंडरब्रिज के पास स्विफ्ट कार सवार आरोपी पंचनंद कुम्हार 41 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से कार में रखे 110 किलो गांजा जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम सेरीखेड़ी ओव्हरब्रीज के पास आरोपी सत्यप्रकाश मनहरे 23 वर्ष के पास से 3 किलो 8 ग्राम गांजा जब्त किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने मांढर रेलवे स्टेशन के पास आरोपी जितेन्द्र साहू 40 वर्ष के पास से 670 ग्राम गांजा और बिक्री रकम 450 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## अवैध शराब बेचते 4 गिरफ्तार

रायपुर, 05 अप्रैल (आरएनएस)। राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस के टीम ने अवैध शराब बेचने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 127 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 340 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफआबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।मिली जानकारी के अनुसार खरोरा पुलिस ने ग्राम बुडेरा खदान के पास अवैध शराब के साथ आरोपी विश्वनाथ बांधे 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 340 रुपए जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने रावणभाठा तिराहा के पास आारोपी प्रेमनारायण भारती 21 वर्ष व रोहित निर्मलकर 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से कुल 81 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने चंदनडीह शराब दुकान के पास से आरोपी वीर देवार 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 30 पाव देशी शराब जब्त किया है।

## नशीली दवाओं के साथ तीन तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

दुर्ग-रायपुर, 05 अप्रैल (आरएनएस)। प्रतिबंधित नशीली दवाईओं की बिक्री करने वाले तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। कोतवाली पुलिस एवं एसीसीयु की टीम ने तीन तस्करों को पकड़ने में सफलता पाई है। आरोपियों को पुलिस ने जबलपुर मध्य प्रदेश से गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर न्यायालय में पेश किया है। आरोपियों के पास से 3,86,050 रुपए की नशीली दवाइयां, मोबाइल, लैपटॉप व अन्य दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिनों व रसोईयों का वेतन बढ़ाएगी कांग्रेस

### बीजेपी की सरकार ने देश पर कर्ज बढ़ाया, महंगाई की मार झेल रही महिलाएं

कोरबा, 05 अप्रैल (आरएनएस)। कोरबा लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी व सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत ने अपना चुनावी जनसंपर्क जोर-शोर से जारी रखा है। वे समर्थकों व पदाधिकारियों के साथ शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार दौरा कर रही हैं एवं कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों को बताने के साथ-साथ भावी योजनाओं की रूपरेखा भी सामने रख रही हैं। सांसद ने शिवाजी नगर, गेवरा बस्ती के हनुमान चैक, ग्राम बोईदा सहित अन्य क्षेत्रों का दौरा किया। उपस्थितजनों के द्वारा सांसद का परंपरागत स्वागत व अभिवादन किया गया। इस अवसर पर ज्योत्सना महंत ने कहा कि लोकतंत्र हमारे देश का मंदिर है जहां हम जनता के हित की बात करते हैं, जनता के मुद्दों को लेकर जाते है लेकिन बीजेपी वालों ने इस मंदिर को भी मजाक बनाकर रखा है। जनता के हित के लिए जब उनके मंत्रियों से बात करते हैं तो बात टाल दी जाती है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, रसोईयां बहनें महिलाओं एवं बच्चों की सेवा करती है, इनका मानदेय बढ़ाना चाहिए तो इस विषय में स्मृति ईरानी ने साफमना कर दिया कि इस विषय में



मुझसे बात न करें।

सांसद प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने कहा कि इस देश की स्थिति सुधरी नहीं है। देश पर कर्ज बढ़ गया है, महंगाई बढ़ी है। महिलाओं पर महंगाई की मार ज्यादा पड़ी है। सब्जियों से लेकर तेल, दाल, अनाज की कीमत बढ़ी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार ही विकास का मार्ग प्रशस्त करेगी। महिलाओं और गरीब परिवार का जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए प्रत्येक बीपीएल परिवार की एक महिला को हर महिने 8333 रुपए, साल में 1 लाख और 5 साल में 5 लाख रुपए देने की हमने गारंटी ली है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं-सहायिकाओं, मितानिनों, रसोईयां बहनों का वेतन हम दोगुना करेंगे। युवाओं के लिए युवा रौशनी योजना और किसानों के लिए एमएसपी की गारंटी भी कांग्रेस की सरकार दे रही है। जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप से पार्षद अनुज जायसवाल, गीता गभेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, वार्डवासी एवं महिलाएं उपस्थित रही।

## चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का आम नागरिक कर सकते हैं मोबाइल ऐप से शिकायत

मोहला, 05 अप्रैल (आरएनएस)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान किसी राजनीतिक पार्टी या प्रत्याशी अथवा किसी अन्य द्वारा निर्वाचन आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर आम नागरिक इसकी शिकायत चुनाव आयोग में कर सकते हैं। इसके लिए 1950 टोल फ्री नंबर अथवा सी.विजिल मोबाइल ऐप या जिले में स्थापित कंट्रोल रूम में अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। सी.विजिल (ष्१द्वद्द्वद्य) एक आसान मोबाइल ऐप है। जिसे आम नागरिक प्ले स्टोर से डाउनलोड करके आचार संहिता का उल्लंघन जैसे लुभावने सामग्री वितरण, बिना अनुमति के रैली, सभा, पोस्टर, बैनर, शराब पैसा आदि वितरण की कोई घटना पाते हैं तो उसे मोबाइल से फोटो खींचकर सी.विजिल ऐप के माध्यम से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। इसके माध्यम से की गई शिकायत की त्वरित जांच करके निर्वाचन कार्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा पुनः शिकायतकर्ता को इसकी रिपोर्ट भेजी जाती है। मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी में शिकायत शाखा का कंट्रोल रूम नंबर 07747 299139 है। जिस पर सीधे कॉल करके या टोल फ्री नंबर 1950 में कॉल करके आम नागरिक निर्वाचन से संबंधित अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। एक जागरूक नागरिक होने के नाते आवश्यकता पड़ने पर इन सुविधाओं का उपयोग अवश्य करें।

# जैन धर्म के 24 वें तीर्थकर भगवान महावीर का 2623वां जन्म कल्याणक महामहोत्सव 6 से

### o महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 21 अप्रैल को होगा समापन

रायपुर, 05 अप्रैल (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की पावन धरा राजधानी रायपुर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सकल जैन समाज द्वारा जैन धर्म के 24 वें तीर्थकर भगवान महावीर का 2623वां जन्म कल्याणक 15 दिवसीय महामहोत्सव 6 अप्रैल से 21 अप्रैल महावीर जयंती के शुभ उपलक्ष्य में धूमधाम से मनाया जाएगा। उक्त जानकारी प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकारवार्ता में भगवान महावीर जन्मकल्याणक महामहोत्सव समिति के वर्ष 2024 के अध्यक्ष जितेंद्र गोलछा महासचिव वीरेंद्र डागा, कोषाध्यक्ष अमित मूणत कार्यकारी अध्यक्ष अमर बरलोटा मीडिया प्रभारी प्रणीत जैन ने संयुक्त रूप से दी। पत्रकारवार्ता में वार्ताकारों ने बताया कि भगवान महावीर का जन्म चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है जैन धर्म के 24 वें तीर्थकर का जन्म बिहार के कुंडलपुर में हुआ था 30 वर्ष की आयु में वे जनकल्याण के रास्ते पर महलों का सुख त्यागकर घर से निकल पड़े। जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर 6 अप्रैल को न्यू राजेंद्र नगर श्वेतांबर मंदिर वर्धमान नगर से अमलीडीह चौक होते हुए वापस श्वेतांबर जैन मंदिर पहुंचेगी। राजधानी के सभी जिनालयों में प्रभातफेरी का आयोजन 15 जून तक लगातार जारी रहेगा। इसके अलावा 15 दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया है। 7 अप्रैल को जीव दया दिवस का आयोजन सुबह 6 से 5 एवं सुबह 10 से 5 बजे स्कील डेव्लपमेंट शिविर का आयोजन किया गया है। 12 को सुबह 8.55 से 9.55 के मध्य सामूहिक आराधना का कार्यक्रम होगा। महावीर इंटरकांटीनेन्टल के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया ने बताया कि 13 अप्रैल को सुबह 9 बजे पांच बजे के मध्य दादाबाड़ी एमजी रोड में निशुल्क नेत्र शिविर बहरेपन का निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जैन डॉक्टरों का सम्मान समारोह वर्षीदान यात्रा, जैन धर्म ध्वजारोहण, जैन व्यापार मेला, जैन गॉट टैलेंट, महावीर स्वामी की सांगितिक जन्मगाथा लाइट एंड सांग सहित अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। 10 अप्रैल को सुबह 11 बजे दादाबाड़ी में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया है।

## रात्रिकालीन स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता से मतदान का संदेश

महासमुन्द 05 अप्रैल (आरएनएस)। जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने कई अभिनव पहल की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रभात मलिक के मार्गदर्शन में जिले में पहली बार रात्रिकालीन स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता का स्थानीय मिनी स्टेडियम में किया जा रहा है। इसी क्रम में 4 अप्रैल गुरुवार को विकासखंड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ श्री एस. आलोक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी जिला स्वीप समिति महासमुन्द ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विकासखंड एवं जिला स्तर पर किया जा रहा है। जिनमें से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन भी एक है। प्रारंभिक तौर पर यह प्रतियोगिता पांचो विकासखंड में संचालित हो रहा है। आगामी 12 अप्रैल को जिला स्तर पर विभिन्न विकासखंड से विजयी टीम भाग लेंगे। विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 12000 रूपये एवं द्वितीय पुरस्कार 8000 रूपये रखा गया है।

# नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का मुख्य आरोपी

### मंत्रालय एवं अन्य विभागो में नौकरी लगाने के नाम 71 लाख रूपये की धोखाधड़ी

दुर्ग, 05 अप्रैल (आरएनएस)। बेरोजगार लोगों को सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों रूपये की ठगी करने वाले गिरोह के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि प्रार्थी तिवेन्द्र कुमार सिन्हा निवासी ग्राम रावा तहसील तरसीवा धतमरी अर्जुनी ने अपने अन्य पीड़ित साथियो के साथ थाना सुपेला उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि अर्जुन मानिकपुरी निवासी सुपेला द्वारा अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर मंत्रालय एवं अन्य विभागो में नौकरी लगाने के नाम से पैसे लेकर धोखाधडी किया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सुपेला में धोखाधडी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला द्वारा आमजनो से नौकरी लगाने के नाम से धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश प्राप्त है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन



राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी के मार्ग दर्शन में थाना सुपेला पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए प्रार्थी तिवेन्द्र कुमार सिन्हा एवं अन्य पीड़ितो से मंत्रालय एवं अन्य विभागो में नौकरी लगाने के नाम से धोखाधडी करने वाले गिरोह के आरोपी अर्जुन मानिकपुरी की तलाश में लग गई। इसी दौरान मुखबीर से सूचना मिली कि आरोपी अर्जुन मानिकपुरी सुपेला आया है। सूचना मिलते ही सुपेला पुलिस तत्काल मौके पर रवाना होकर आरोपी अर्जुन मानिकपुरी को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि प्रार्थी से 7,10,000 रूपये एवं प्रार्थी के अलावा करीबन 15-20 लोगो से अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर करीबन 71 लाख रूपये की ठगी करना स्वीकार किया।

## सरेआम शराब पीते 39 पकड़ाए

रायपुर,

राजधानी पुलिस ने नशेडियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 39 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। गोलबाजार पुलिस ने पुराना बस स्टेण्ड में दबिश देकर सरेआम शराब पीते आरोपी आशीष गुप्ता 27 वर्ष, दीपक राजपूत 27 वर्ष व जुल्फ्कार अली 41 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आमानाका पुलिस ने आरोपी गुलाब सिंह ठाकुर 28 वर्ष एवं सेजबहार पुलिस ने आरोपी पोषण मारकण्डे 28 वर्ष, गोपाल भारती 30 वर्ष, संतोष ध्रुव 38 वर्ष, नरोत्तम टण्डन 27 वर्ष व प्रेमलाल बंजारे 40 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढियारी पुलिस ने आरोपी इंद्र प्रसाद पारधी 32 वर्ष, प्रवेश चौहान 30 वर्ष व रमेंद्र बोपचे 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं डीडीनगर पुलिस ने आरोपी हरीश साहू 20 वर्ष व मिलन कामरे 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी ओंकार साहू 26 वर्ष व तारेश जैन 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी सूरज शर्मा 29 वर्ष, रोशन धीवर 22 वर्ष, विनोद कुमार साहू 30 वर्ष, उत्तम सारथी 30 वर्ष, मनोज निर्मलकर 35 वर्ष, शिव चरण ध्रुव 32 वर्ष, राम दयाल पठारी 39 वर्ष, संजू निर्मलकर 38 वर्ष, दुर्गेश पटेल 38 वर्ष व सुरेश कुमार साहू 45 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी साहिल कुमार महिलांग 22 वर्ष एवं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी सुखचंद यादव 26 वर्ष, गणेश पाल 35 वर्ष, आर्यन केरकेटटा 21 वर्ष, कृष्णा दीवान 32 वर्ष, बबलू मोहनलाल कटरे 39 वर्ष व महेंद्र महिपाल 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी रंजीत राजवंशी 23 वर्ष एवं राखी पुलिस ने आरोपी मोहन भारती 26 वर्ष, आरंग पुलिस ने आरोपी तुलसीराम जोगी 19 वर्ष, अनिल लोधी 39 वर्ष, कमल चन्द्राकर 46 वर्ष, सतबीर राजपूत 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# कलेक्टर ने दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग का किया निरीक्षण

## कामधेनु विश्वविद्यालय का किया जाएगा अपग्रेड, पशु नस्ल सुधार कार्यों में दुनियाभर में मशहुर है विश्वविद्यालय



दुर्ग। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अंजोरा स्थित पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र एवं विश्वविद्यालय से संबंधित समस्त गतिविधियों एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिला पचांयत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अश्वनी देवांगन भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने विश्वविद्यालय में चल रहे शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार कार्यों की समीक्षा एवं निरीक्षण किया। विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा दुर्ग में डेयरी, बकरी, मुर्गी पालन इकाई, विभिन्न विभागों वेटनरी पब्लिक हेल्थ एवं एन.सी.सी. रेजीमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कुलपति श्री आरआरबी सिंह ने कॉलेज के बारे में बताया कि यहां जिला स्तर पर हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है, अभी इसकी क्षमता बढ़ाकर राज्य स्तर पर अपग्रेड किया जा रहा है। उन्होंने बताया यहां छात्र-छात्राएं परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत कुछ ने अपना निजी क्लीनिक प्रारंभ किया और डॉक्टर के रूप में प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं। कुछ छात्र-छात्राएं विभिन्न मेडिकल कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं। कुछ ने पशु चिकित्सा की प्रशासनिक एवं अकादमिक सेवा को अपना भविष्य चुना है।

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा बतायी गई समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने अधोसंरचना की प्रमुख समस्याओं जैसे बाउण्ड्रीवॉल, सड़क तथा अन्य मरम्मत कार्यों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने पशु वीर्य अनुसंधान केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पाले जा रहे अलग-अलग प्रजाति के सांडो का अवलोकन किया। डॉक्टर ने बताया कि यहां पर जर्मनी के सांडों की प्रजाति भी रखी गई है। उन्होंने ओसामाना बादी बकरी पालन केंद्र, घुड़सवारी स्थल, अंजोरी एवं अन्य नस्लों की मुर्गी/अण्डा यूनिट, बटेर पालन आदि गतिविधियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने महाविद्यालय के शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार कार्यों की प्रशंसा की। साथ ही महाविद्यालय से पशुधन प्रक्षेत्र हेतु पक्की सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान कुलपति ने बताया कि यहां से बकरियां किसानों को दी जाती है। भ्रमण के दौरान विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति डॉ. एस.के. तिवारी, कुलसचिव, डॉ. आर. के. सोनवाने, निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. एस. शाक्य, निदेशक अनुसंधान डॉ. जी.के. दत्ता, निदेशक शिक्षण, डॉ. एस.के. मैती, ओ.एस.डी. वित्त डॉ. एम.के.अवस्थी, उप कुलसचिव, डॉ.एम.के.गेंदले उपस्थित थे।

## रंगोली बनाओ, मतदाता जागरूकता लाओ, प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कोरबा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन में स्व. प्यारेलाल कंवर शासकीय महाविद्यालय भैंसमा में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली बनाओ मतदाता जागरूकता लाओ कार्यकम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगोली के माध्यम से विविध आकृति बनाकर मतदान प्रथम कर्तव्य, 07 मई को मतदान अवश्य करने एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को मतदान में भाग लेकर लोकतंत्र को सशक्त बनाने का संदेश भाव चित्रित किया। कार्यक्रम में एम.ए. तथा एम. कॉम. के छात्र-छात्राओं निकिता कुर्रे, निशा दिवाकर, हेमलता, साधना, वैशाली, नीता, रमादेवी, प्रियंका कुर्रे, सुनिता पटेल, अरविन्द लहरे, इंद्र सिंह वाकरे, हेमपुष्पा कंवर, रामकुमार खुंटे एवं सोनिया सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

### श्रीमती आशा शुक्ला नहीं रहीं

कोरबा, कोरबा प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार गेंदलाल शुक्ल जी की धर्मपत्नी श्रीमती आशा शुक्ला 58 वर्ष का आकस्मिक दुःखद निधन हो गया है। वे अपने पीछे पति, पुत्र, पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गई हैं। उनके निधन की खबर से परिजनों, सहित शुभचिंतकों व प्रेस जगत में शोक की लहर दौड़ पड़ी है।

# सड़क की हालत खतरों से भरी पड़ी, नगर पालिका का रूख उदासीन



**कोरबा,(आरएनएस)।** कटघोरा नगर पालिका क्षेत्र में स्थित सबसे व्यस्ततम न्यू बस स्टैंड के भीतर की सडकें इस समय जगह जगह बुरी तरह जर्जर हो चुकीं हैं इन सडकों पर बड़े बड़े लोहे की सरिया साफतौर पर हादसों को निमंत्रण देने का काम कर रहीं है। इसके विपरीत नगर पालिका परिषद अपनी इस अहम जिम्मेदारी को पूरा करने में कोई रुचि नहीं दिखा रही है।

कोरबा जिले के उपनगरीय क्षेत्र कटघोरा नगर बिलासपुर से अम्बिकापुर नेशनल हाईवे 130 का सबसे सेंटर पॉइंट है। यहाँ का न्यू बस स्टैंड भी सबसे व्यस्ततम होने की वजह से लोगों का आनाजाना दिनभर और देर रात तक लगा रहता है। लेकिन कुछ महीनों में इस बस स्टैंड की सडक जगह जगह से उखड़ जाने से गड्ढों में निर्मित हो गया है और इन गड्ढों से बाहर निकले लोहे की सरिया खुले तौर पर बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित करते रहते हैं। बस स्टैंड के भीतर से पैदल चलने वाले, दोपहिया वाहन चालकों को सबसे ज्यादा इस सडक पर निकले सरिया से खतरा बना रहता है। यह बस स्टैंड कटघोरा नगर पालिका के वार्ड क्र. 6 में आता है। पार्षद द्वारा भी इस कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कटघोरा नगर के सबसे व्यस्ततम मार्ग पर स्थित न्यू बस स्टैंड के भीतर की सडकों की हालत इस समय खतरों से भरी पड़ी हैं जगह जगह उखड़े सरिया न जाने कब किसी बड़ी घटना को अंजाम दे बैठे कुछ भी नही कहा जा सकता, इस सबके बावजूद नगर पालिका परिषद का इस ओर ध्यान नही देने से पालिका की कार्यप्रणाली पर नगर के लोग सवाल उठाने लगे हैं। लोगों का कहना है कि नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि इस बस स्टैंड से दिन भर आना जाना करते हैं क्या उन्हें सडक पर उखड़े सरिया नहीं दिखाई देते, सबकुछ जानते हुए भी न्यू बस स्टैंड की सडक की मरम्मत पर कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। नगर पालिका परिषद शायद कोई बड़ा हादसा होने का इंतजार कर रही है।

# निगम द्वारा नियमित की जा रही जल शुद्धता की जांच ताकि लोगों को मिले शुद्ध पेयजल

## ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पर विशेष फोकस रखने के आयुक्त ने दिए निर्देश



कोरबा, 05 अप्रैल (आरएनएस)। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले पेयजल की शुद्धता की जांच विभिन्न प्वांइटों पर नियमित रूप से की जा रही है, ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके, वहीं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति व पेयजल की शुद्धता पर विशेष फोकस रखने के निर्देश पेयजल विभाग के अधिकारियों को दिए है।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा निगम क्षेत्र के वार्डो में जलउपचार संयंत्र के माध्यम से आपूर्ति किए जाने वाले शोधित पेयजल की शुद्धता की जांच विभिन्न प्वांइटों एवं अंतिम छोर तक की जा रही है, पेयजल शुद्धीकरण कार्य हेतु आवश्यक रासायनिक सामग्रियों का उपयोग कर पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित कराई जा रही है, वहीं जल उपचार संयंत्र में उपलब्ध जल परीक्षण उपकरणों से नियमित रूप से रा-वाटर एवं क्लीयर वाटर के पीएच मानक एवं रेसिड्यूअल क्लोरिन टर्बिडिटी का परीक्षण तीन सिफ्टों में किया जाता है, साथ ही सप्लाई किए गए पेयजल की अंतिम छोर से जल नमूने प्राप्त कर क्लोरिन की मात्रा निर्धारित मानक के अनुरूप निर्धारित करते हुए जलापूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने तथा पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा है कि जिन क्षेत्रों में पावर पम्पों व भूमिगत स्त्रोतों के माध्यम से जलापूर्ति की जाती है, उनका अनिवार्य रूप से नियमित परीक्षण करने, पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित कराने तथा सभी जल स्त्रोतो का शुद्धीकरण व वहॉ की साफ-सफाई पर विशेष फोकस रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

जलापूर्ति व्यवस्था में सहयोग दें, नलों में न लगाएं टुल्लू पम्प - आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे पाईप लाईनों, नल कनेक्शनों में टुल्लू पम्प लगाकर पानी न खींचे इससे अन्य लोगों के घरों में पानी का प्रेशर कम हो जाता है, उन्हें कम पानी मिलता है तथा अनावश्यक परेशानी होती है, अतः टुल्लू पम्प न लगाकर निगम की जलापूर्ति व्यवस्था में सहयोग दें ताकि सभी लोगों को समान रूप से पेयजल प्राप्त हो सके।

# निगम नियमित कर रही जल शुद्धता की जांच



कोरबा । नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले पेयजल की शुद्धता की जांच विभिन्न प्वांइटों पर नियमित रूप से की जा रही है, ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके, वहीं आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल की पर्याप्त आपूर्ति व पेयजल की शुद्धता पर विशेष फोकस रखने के निर्देश पेयजल विभाग के अधिकारियों को दिए है। नगर पालिक निगम केरबा द्वारा निगम क्षेत्र के वार्डो में जलउपचार संयंत्र के माध्यम से आपूर्ति किए जाने वाले शोधित पेयजल की शुद्धता की जांच विभिन्न प्वांइटों एवं अंतिम छोर तक की जा रही है, पेयजल शुद्धीकरण कार्य हेतु आवश्यक रासायनिक सामग्रियों का उपयोग कर पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित कराई जा रही है, वहीं जल उपचार संयंत्र में उपलब्ध जल परीक्षण उपकरणों से नियमित रूप से रा-वाटर एवं क्लीयर वाटर के पीएच मानक एवं रेसिड्यूअल क्लोरिन टर्बिडिटी का परीक्षण तीन सिफ्टों में किया जाता है, साथ ही सप्लाई किए गए पेयजल की अंतिम छोर से जल नमूने प्राप्त कर क्लोरिन की मात्रा निर्धारित मानक के अनुरूप निर्धारित करते हुए जलापूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है। आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने तथा पेयजल की गुणवत्ता पर विशेष फोकस रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होने निर्देशित करते हुए कहा है कि जिन क्षेत्रों में पावर पम्पों व भूमिगत स्त्रोतों के माध्यम से जलापूर्ति की जाती है, उनका अनिवार्य रूप से नियमित परीक्षण करने, पेयजल की शुद्धता सुनिश्चित कराने तथा सभी जल स्त्रोतो का शुद्धीकरण व वहॉ की साफ-सफाई पर विशेष फोकस रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

## गुण्डागर्दी के खिलाफ भड़का आक्रोश, टीआई को सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव-रायपुर,** । हिन्दू युवा मंच जिला इकाई राजनांदगांव ने कांग्रेसी कार्यकर्ता के द्वारा पुलिस अधिकारी के साथ की गई मारपीट के विरोध में, सोमनी थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंप कर वैधानिक कार्यवाही करने की मांग की। गौरतलब हो कि, समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के अनुसार कुछ दिनों पूर्व कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष के तथाकथित पुत्र द्वारा होली पर्व के दौरान पुलिस जवान के साथ विवाद करने और मारपीट करने का मामला गरमाया था। खबर के अनुसार उक्त आरोपी शराब के नशे में धुत था और पुलिस प्रशासन पर लगातार राजनितिक दबाव बनाते हुए, बेखौफ़होकर पुलिस जवान को लगातार गाली और धमकियां दे रहा था। जिसकी पुष्टि सोशल मिडिया में लगातार वायरल हो रहें विदियों से हो रही है।

## कार में 22 लाख के गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा निजात अभियान के अंतर्गत मादक पदार्थों गांजा, नशीली दवाई आदि पर कार्यवाही करनें हेतु निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी थाना अभनपुर पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि रायपुर-धमतरी मार्ग पर एक व्यक्ति अपने चार पहिया वाहन में गांजा की तस्करी करने वाला है। जिस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुवे थाना प्रभारी अभनपुर विमल पाठक के कुशल मार्गदर्शन में टीम तैयार कर मुखबीर द्वारा बताये गये स्थान पर जाकर घेराबंदी कर दबिश देकर आरोपी को पकड़ा गया।

# कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में भाजपा प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया



रायपुर, 05 अप्रैल (आरएनएस)। भाजपा में लगातार विभिन्न संघों और पार्टियों से नेता-कार्यकर्ता शामिल हो रहे है। इसी कड़ी में आज भापजा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में गुरुवार को प्रवेश का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 300 से ज्यादा लोग भाजपा में शामिल हुए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के 90 दिन का कार्यकाल आपने काम देखा है। बीजेपी की नीति रणनीति देखकर बीजेपी में आने का फैसला लिया आपका स्वागत है। अभिनंदन करता हूं। विश्व के नंबर वन नेता है जिस पार्टी के हम कार्यकर्ता हैं. हम अब आत्मनिर्भर हो रहे हैं. हम विकासशील देश से विकसित देश की ओर बढ़ रहे हैं. आज 1000 से ज़्यादा अलग-अलग क्षेत्र के लोग पार्टी में शामिल हुए। किरण देव ने आगे कहा कि लोकसभा का चुनाव में तीन फ़ेस का नामांकन हो गया है। बूथ स्तर पर काम जारी है। आप जहां से सब आप प्रभावी लोग हैं कल से आप पूरी क्षमता के साथ जुड़ जाएं। पूरा देश कह रहा तीसरी बार नरेंद्र मोदी सरकार। लेकिन अब हम सब 400 पार के लिए मिलकर काम करेंगे। आप सभी लंबे समय से राजनीति में हैं। अनुभवशील हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में इन लोगों का दम घुट रहा था। तानाशाह, अराजकता, अपराध सुनियोजित ढंग से चल रहा था। जिससे लोग परेशान थे। आज बीजेपी में प्रवेश कर राहत महसूस कर रहे हैं। वहीं नारायण चंदेल ने कहा कि किसी प्रत्याशी को जिताने के लिए चुनाव नहीं है। बल्कि केंद्र में एक फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री पद पर बैठाने के लिए है। जिसके लिए हम सब जुट जाएं।

# नन्हे परिंदे संस्था पातररास में चयन के लिए आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा



दंतेवाड़ा, 04 अप्रैल (आरएनएस)। जिले में संचालित जवाहर नवोदय चयन पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र पातररास दंतेवाड़ा में नवीन शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जिले के विभिन्न विकासखण्डों के 06 परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें समस्त परीक्षा केन्द्रों में 548 बालक एवं 576 बालिकाएं कुल 1123 बच्चे सम्मिलित हुए। अवगत हो कि ''नन्हें परिन्दे''पातररास दंतेवाड़ा में कक्षा 5वीं के अध्ययन के साथ ही जवाहर नवोदय विद्यालय, सैनिक विद्यालय, जवाहर उत्कर्ष योजना एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करवाई जाती है इसके लिए प्रत्येक वर्ष जिले के विभिन्न विकासखण्डों से कुल 150 छात्र-छात्राओं का चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाता। ज्ञात हो कि प्रत्येक वर्ष इस संस्था से 50-60 बच्चों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए होता रहा है। वर्ष 2023 में सैनिक विद्यालय के आयोजित प्रवेश परीक्षा में ''नन्हें परिन्दे''पातररास से 20 बच्चों ने क्वालीफाई किया एवं जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा के लिए 49 बच्चों से सफलता हासिल की है। इस संबंध में जिला मिशन समन्वयक एस.एल.सोरी ने बताया कि ''नन्हें परिन्दे'' एक उत्कृष्ट संस्था है, ''नन्हें परिन्दे'' से प्रत्येक वर्ष बड़ी संख्या में बच्चों का नवोदय विद्यालय एवं सैनिक विद्यालय जैसी संस्थाओं में होना क्षेत्र के बच्चों के भविष्य के लिए बेहतर अवसर है।

# निर्वाचन में नामांकन का कार्य महत्वपूर्ण, सजगता से करें कार्य : कलेक्टर

## नाम निर्देशन के संबंध में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने ली बैठक



रायगढ़, (आरएनएस)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार लोकसभा निर्वाचन के संबंध में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नाम निर्देशन के संबंध में बैठक ली। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा की निर्वाचन की प्रक्रिया में नामांकन एक महत्वपूर्ण चरणों में से एक है इसमें त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए, इसलिए प्रत्येक कार्य को सजगता से करें। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, एसडीएम श्री प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्री शशिकांत कुर्रे, डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा सहित नामांकन प्रक्रिया के लिए नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 2-रायगढ़ से निर्वाचन के लिए नाम निर्देशन की अंतिम तिथि 19 अप्रैल 2024 है। नाम निर्देशन पत्र जमा करने हेतु आने वाले अभ्यर्थियों के लिए कार्यालय के मुख्य द्वार से होकर न्यायालय कलेक्टर के कक्ष में नामांकन दाखिल कर सकेंगे। रिटर्निंग ऑफिसर कक्ष में अभ्यर्थियों एवं प्रस्तावक सहित अधिकतम 5 लोग प्रवेश कर सकते है। यहां फोटोग्राफी पूर्णतः प्रतिबंधित होगी। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक की अवधि में नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अनुमति होगी। इस दौरान उन्होंने नामांकन प्रक्रिया, दस्तावेज, चेक लिस्ट जैसे विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक अवकाश की तिथि में नाम-निर्देशन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि नामांकन पत्र जमा करने पर उसकी अच्छी तरह परीक्षण करें। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को अपने निर्वाचन व्यय हेतु नामांकन से कम से कम एक दिन पूर्व खुलवाये गये बैंक खाते का विवरण देना होगा।

संपादकीय

## कांग्रेस से भगदड़ के लिए कौन ज़िम्मेदार?

कांग्रेस में नेताओं की जो भगदड़ मच रही है, वो वाकई में हैरान करने वाली है। कांग्रेस के पूर्व सासंद संजय निरूपम, कांग्रेस के प्रवक्ता गौरव वल्लभ, और बिहार कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा - इन सबने कांग्रेस छोड़ दी। बुधवार शाम को ओलंपिक मेडल विजेता बॉक्सर विजेन्दर सिंह कांग्रेस छोडकर बीजेपी में शामिल हो गए थे। राजस्थान में कांग्रेस के कई पूर्व मंत्रियों समेत 113 नेताओं ने पार्टी छोड़ दी, बीजेपी के साथ चले गए। मध्य प्रदेश में तो पिछ्ले कुछ दिनों में कांग्रेस के 25 हजार से ज्यादा नेता और कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल हो चुके हैं। इतनी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पार्टी छोड़ रहे हैं, लेकिन कांग्रेस हाईकमान में किसी को इसकी फ़िक्र नहीं हैं। कांग्रेस के नेताओं का एक ही जवाब है, चुनाव के वक्त ऐसा होता है, इससे कोई फ़र्क नहीं पड़ेगा, लेकिन क्या सिर्फ चुनाव में टिकट न मिलना पार्टी छोड़ने की वजह है या फिर कारण कुछ और है?

महाराष्ट्र में संजय निरूपम ने पिछ्ले हफ्ते ही ये साफकर दिया था कि अगर मुंबई नॉर्थ वेस्ट लोकसभा सीट उद्धव ठाकरे ने कांग्रेस के लिए नहीं छोड़ी, अगर कांग्रेस ने इस सीट पर अपनी दावेदारी छोड़ी, तो वो अपना रास्ता अलग करेंगे। उन्होंने कांग्रेस हाईकमान को एक हफ्ते का वक्त दिया था। न उद्धव ने सीट छोड़ी, न कांग्रेस अड़ी और गुरुवार को एक हफ्ता पूरा हो गया। इसलिए संजय निरूपम ने कांग्रेस छोड़ने का ऐलान कर दिया।



## कटू सच्चाई से स्याह चेहरा होता ।।

दर्पण तू दिल का सच बोलता होता,
संसार का हर मानव पूरा शत्रु तेरा होता ।।

घर-घर में तेरे टुकड़े बिखरे होते,
सत्य भी तेरी इस दशा में रोया होता।।

तेरे सम्मुख धूर्त का क्या रंग होता,
कटू सच्चाई से स्याह चेहरा होता ।।

सूर्पणखा क्या इतराती तेरे सम्मुख,
रावण ने भी खूब क्रंदन किया होता।।

दर्पण तेरी वाणी कटु सत्य सी होती,
सुंदरी का यौवन भी लजाया होता।।

गांधी की तरह सत्य से प्रयोग करता कहीं,
कोई गोडसे तुझे भी पत्थर से तोड़ गया होता।।


**संजीव ठाकुर ,**



# अकर्मण्यता से उपजा पलायनवादी यथार्थ,संघर्ष से होता ऊंचा मनोबल।

(जिजीविषा ही सफलता का पर्याय)

**अकर्मण्यता एक बड़ी शारीरिक,मानसिक व्याधि और दशा है, यह जीवन को निरर्थक बनाती है। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए,और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकेद्य कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैद्य जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैद्य बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है।**



विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैंद्य सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैंद्य मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए द्य यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैद्य जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैद्य यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी हैद्य

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैंद्य सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएद्यइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती हैद्य और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती हैद्य भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हैद्यऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है ।आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकताद्य **संजीव ठाकुर**

# अधिक सयाने नेता ना घर के रहे ना घाट के

रमेश सर्राफधमोरा

बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे।

कहते हैं राजनीति संभावनाओं का खेल है। इसमें कब क्या हो जाए किसी को पता नहीं रहता है। राजनीति में जरा सा चूकने पर खेल ऐसा बिगड़ जाता है कि फिर सुधरे भी नहीं सुधर पाता है। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के दौरान कुछ राजनीतिक दलों व उनके नेताओं के साथ भी कुछ ऐसी घटनाएं घट गई जो ना उनसे निगलते बन रही है ना ही उगलते।

बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के नेता व केंद्र में मंत्री रहे पशुपति पारस अपने भतीजे चिराग पारस कि एनडीए से बगावत के वक्त खुलकर एनडीए के साथ रहकर अपना मंत्री पद बचा ले गए थे। उसे वक्त उनके साथ पार्टी के 6 में से पांच सांसद भी थे। मगर समय का चक्र देखिए आज पशुपति पारस के पास ना तो मंत्री पद बचा है ना ही लोकसभा की सीट बच पाई है। चिराग पासवान के एनडीए में वापस आने के चलते सीट शेयरिंग में उन्हें पांच सीट दे दी गई। जबकि उनके विरोधी चाचा पशुपति पारस वाली लोक जनशक्ति पार्टी को एनडीए में एक भी सीट नहीं दी गयी।

इससे नाराज होकर पशुपति पारस लालू यादव नीत महागठबंधन में शामिल होने की घोषणा कर केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा दे दिया था। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू यादव ने पशुपतिनाथ पारस को घास नहीं डाला और उनकी पार्टी को गठबंधन में एक भी सीट नहीं दी। इससे पशुपति पारस की स्थिति बहुत ही हास्यास्पद हो गई। और वह फिर से एनडीए में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुणगान करने लगे हैं। पशुपति पारस के चक्कर में उनके दूसरे भतीजे प्रिंस राज भी इस बार बिना टिकट ही रह गए। उन्हें भी किसी गठबंधन में शामिल नहीं किया गया है।

कहां जा रहा है कि भाजपा द्वारा पशुपति पारस को चिराग पासवान का समर्थन करने के बदले राज्यपाल का पद व प्रिंस राज को बिहार सरकार में मंत्री बनाने का ऑफर दिया गया था। मगर उन्होंने उस ऑफर को छोड़कर महागठबंधन से सीट लेने के चक्कर में केंद्रीय मंत्री पद से भी इस्तीफा देते हुये एनडीए के खिलाफ बयानबाजी कर दी थी। अब देखते हैं चुनाव के बाद आगे पशुपति पारस व उनके भतीजे प्रिंस राज का फिर से राजनीतिक पुनर्वास होता है या वह राजनीति के बियाबान में खो जाते हैं। इसका पता तो लोकसभा चुनाव नतीजे के बाद ही लग पाएगा। फिलहाल तो पशुपति पारस ना घर के रहे ना घाट के रहे वाली स्थिति में है।

खुद को सन ऑफमल्लाह कहलाने वाले विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी के साथ भी कुछ ऐसा ही वाकया हुआ है। कभी मुंबई की फिल्में इंडस्ट्री में काम कर पैसे कमाने वाले मुकेश सहनी की फितरत एक जगह टिकने की नहीं रही है। वह बिहार में बड़ी राजनीति करने का सपना देखते रहते हैं। इसी चक्कर में वह अलग-अलग गठबंधनों में शामिल होकर चुनाव लड़ते रहे हैं। मगर कभी चुनाव नहीं जीत पाए हैं।

पिछ्ले विधानसभा चुनाव में उन्होंने बिहार के एनडीए गठबंधन में शामिल होकर 13 सीटों पर अपनी पार्टी को चुनाव लड़वाया था और उनकी पार्टी के चार विधायक जीते थे। उनका स्वयं को भी नीतीश कुमार की सरकार में मंत्री बनाया गया था। मगर अपनी फितरत के मुताबिक वह अधिक समय तक गठबंधन में नहीं टिक पाए। तब भाजपा ने उनके विधायकों को तोड़ लिया और वह अकेले रह गए। अब उनका विधान परिषद का कार्यकाल भी पूरा हो गया है। इस बार के लोकसभा चुनाव में उन्होंने फिर से भाजपा के एनडीए व लालू प्रसाद यादव के महागठबंधन में शामिल होकर लोकसभा चुनाव लड़ने का प्रयास किया था। मगर उनके मांग पत्र व सीटों की संख्या देखकर किसी भी गठबंधन ने उनसे तालमेल करना मुनासिब नहीं समझा। दोनों ही गठबंधन उन्हें बातों में उलझाए रखा और अंत में किसी ने भी उनके साथ तालमेल नहीं किया। आज मुकेश सहनी यदि लोकसभा चुनाव लड़ते हैं तो उन्हें अपने ही दम पर चुनाव मैदान में उतरना पड़ेगा।

पूर्णिया के पूर्व सांसद पप्पू यादव किसी समय बिहार में चर्चित युवा नेता होते थे। कम उम्र में ही कई बार सांसद, विधायक बनने वाले पप्पू यादव की बाहुबली वाली छवि के चलते उन्हें चुनाव जीतने में कोई दिक्कत नहीं होती थी। एक समय उन्होंने शरद यादव जैसे दिग्गज नेता को भी हरा दिया था। मगर अब समय का फेर देखिए आज वही पप्पू यादव एक टिकट के लिए मारे मारे घूम रहे हैं। पिछ्ले दिनों उन्होंने राजद सुप्रीमो लालू यादव से अपने संबंध सुधारने के लिए उनके आवास पर जाकर हाजिरी भी दे दी थी। फिर उन्होंने अपनी जन अधिकार पार्टी का दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में जाकर कांग्रेस में विलय कर दिया था।

कांग्रेस में शामिल होने के बाद पप्पू यादव ने पूर्णिया से कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी थी। मगर राजनीति के चतुर खिलाड़ी लालू प्रसाद यादव ने पप्पू यादव को माफ नहीं किया था और उसके साथ खेला कर दिया। लालू यादव ने बिहार में सीट बंटवारे के दौरान पूर्णिया की सीट अपनी पार्टी राजद के खाते में रखकर वहां से जदयू की विधायक बीमा भारती को राजद प्रत्याशी घोषित कर दिया। इसके चलते पप्पू यादव का पूर्णिया से कांग्रेस प्रत्याशी नहीं बना पाई। अब पप्पू यादव ने घोषणा की है की जान चली जाएगी तब भी पूर्णिया को नहीं छोड़ेंगे और वह पूर्णिया से ही निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे।

पप्पू यादव के बयान पर कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने उनसे कन्नी काटते हुए कहा है कि पप्पू यादव ने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय किया है लेकिन खुद पार्टी के सदस्य नहीं बने हैं। ऐसे में वह कहीं से भी चुनाव लड़ने को स्वतंत्र है। कांग्रेस पार्टी को उनसे कोई लेना देना नहीं है। पूर्णिया से टिकट नहीं मिलने के बाद पप्पू यादव की हालात देखते ही बनती है। वह न घर के रहे ना घाट के उल्टे उनके बने बनाये समीकरण और बिगड़ गए हैं। हालांकि पिछ्ले चुनाव में पप्पू यादव ने मधेपुरा से लोकसभा चुनाव लड़ा था। जहां उनकी जमानत जप्त हो गई थी। उन्हें मात्र 97631 यानि 8.51 प्रतिशत वोट ही मिले थे। जबकि 2014 में वह मधेपुरा से चुनाव जीते थे। मधेपुरा में पिछ्ली बार जमानत जब्त होने के चलते पप्पू यादव इस बार पूर्णिया से चुनाव लड़ रहें हैं। पप्पू यादव की पत्नी रंजीता रंजन कांग्रेस से राज्यसभा सांसद व पार्टी की राष्ट्रीय सचिव है। पूर्व में वह सहरसा व सुपौल से सांसद भी रह चुकी हैं।

**यह निजी विचार है।**

## वोट में तब्दील होने वाले मुद्दों की तलाश बड़ी चुनौती

18 वीं लोकसभा के चुनावों का बिगुल बज चुका हैं वहीं पहले चरण की 102 सीटों के लिए नामांकन का कार्य पूरा होने के साथ ही एनडीए ने 31 मार्च को मेरठ और इंडी गठबंधन ने नई दिल्ली से चुनावी केंपेन का आगाज कर दिया है। लोकसभा के सातों चरणों के मतदान तक राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव रैलियों, रोड़ शो सहित विभिन्न मंचों से एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहेगा। सौ टके का सवाल यह है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में चुनाव अभियान के दौरान आखिर मुख्य मुद्दे क्या बनेंगे ? हाल ही पांच विधान सभा चुनावों के दौरान गांरटियों की खूब चर्चाएं रही। एक तरफ गांरटियां थी तो दूसरी और बीजेपी ने मोदी को ही गारंटी बताकर प्रचारित किया। दरअसल देखा जाएं तो पिछ्ले कुछ चुनावों से चाहे वे लोकसभा के हो या विधानसभाओं के चुनाव हो, सीधे जनता से जुड़े मुद्दें तो कहीं नेपथ्य में ही रह जाते हैं। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि जनता से जुड़े मुद्दों को आमजनता भी अब मुद्दे या चुनावी एजेंडा नहीं मानने लगी है। इसका कारण भी कुछ और ही होता जा रहा है। किसी जमाने में गरीबी हटाओं या भ्रष्टाचार मिटाओं या महंगाई या बेरोजगारी तो सकारात्मक प्रचार अभियान में विकास की बात आदि मुद्दे महत्वपूर्ण होते थे पर अब देखा जाए तो यह मुद्दे वोट में तब्दील नहीं हो पा रहे हैं। पिछ्ले चुनावों के अनुभव हमारे सामने हैं। दर असल अब नकारात्मक प्रचार राजनीतिक दलों पर उलटा पड़ने लगा है। पिछ्ले दो लोकसभा के चुनावों में चौकीदार, सेना के साक्ष्य, चाय वाला आदि ऐसे वक्तव्य रहे जिसका जितना अधिक उपयोग हुआ वह भाजपा और नरेन्द्र मोदी के पक्ष में ही गया। दरअसल अब वोट विश्वसनीयता यानी की भरोसे और वोल्डनेस पर पड़ने लगे हैं। एक बात यह भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि आजादी के 75 साल बाद भी किसी दल का वोट प्रतिषत 50 प्रतिशत का आंकड़ा छू नहीं पाया है। दूसरी और चुनाव आयोग द्वारा लाख प्रयासों के बाद भी 100 में से 33 प्रतिशत मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर मतदान के लिए ले जाने में हम सफल नहीं हो पा रहे हैं। खैर यह अलग विचारणीय मुद्दे हैं। विपक्ष के प्रयास है कि सत्तारुढ़ द्वारा संबैधानिक संस्थाओं यथा ईडी, आईटी आदि जांच एजेंसियों का हथियार के रुप में उपयोग, चुनावी बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि को प्रभावी तरीके से चुनावी मुद्दा बनाया जाये पर अभी तक जो दिखाई दे रहा है उसमें साफहै कि यह मतदाताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दे बन नहीं पा रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण तो विपक्षी खासतौर से इंडी के दलों का जुड़ना बिखरना जारी है। एक तरफममता पं.बगांल में कांग्रेस द्वारा वामपंथी दलों के साथ तालमेल कर चुनाव लड़ने को खुले आम भाजपा को लाभ बताने वाला निर्णय बता रही हैं वहीं बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली में कांग्रेस का छोटे पार्टनर के रुप में सामने आने, पंजाब में आप से सीटों के बंटवारें को लेकर समझौता ही नहीं होने, बसपा का अलग रुख, अजित जनता दल का बीजेपी के साथ आना, ओडीसा में बीजद सहित विरोधाभास सामने आ रहे हैं।

## खास - खबर

### मतदाता जागरूकता में सम्मानित हुए नवविवाहिता वधु, वरिष्ठ नागरिक एवं युवा

**भिलाई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में लोगो के शत–प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने तथा  मतदान करवाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत भिलाई नगर निगम सीमा क्षेत्र के विधानसभा क्रमांक 65 भिलाईनगर के 16 स्थानो में नवविवाहता वधु, युवा मतदाता एवं वरिष्ठ नागरिको का सम्मान किया गया। विधानसभा 65 भिलाईनगर के सहायक रिर्टर्निंग आफिसर एवं डिप्टी कलेक्टर योगिता देवांगन, भिलाई नगर के तहसीलदार पंचभाई गुरूदत्त ने वरिष्ठ नागरिको, नवविवाहता वधु का तिलक लगाकर सम्मान किया एवं आने वाले लोकसभा चुनाव में स्वयं के मतदान के साथ लोगो को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आव्हान किया।

### निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण दलों की बैठक 6 को बीआईटी में

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुचारू संचालन हेतु जिले में ईईएम (एफ एसटी, एसएसटी, वीएसटी, वीवीटी, एईओ, अकाउंट टीम) का गठन किया गया है। उक्त गठित टीम दलों को डॉ. दिवाकर सिंह राठोर, संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन एवं सहायक नोडल अधिकारी ई.ई.एम. द्वारा बीआईटी मैकेनिकल हॉल में 06 अप्रैल 2024 को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी बीके दुबे ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग, सहायक आयुक्त सेन्ट्रल जीएसटी, वनमण्डलाधिकारी दुर्ग, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सर्व जिला दुर्ग, श्रीमती भावना अली संयुक्त आयुक्त राज्य कर दुर्ग, सहायक आयुक्त आबकारी जिला दुर्ग, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दुर्ग, प्रबर डाक अधीक्षक भिलाई, प्रधान डाकघर मुख्य डाकघर दुर्ग, महेश सिंह राजपूत नोडल अधिकारी ईईएम लोकसभा निर्वाचन 2024, डॉ. दिवाकर सिंह राठौर सहायक नोडल अधिकारी ईईएम लोकसभा निर्वाचन 2024, रंजनी श्रीकुमार आयकर अधिकारी जिला नोडल अधिकारी लोकसभा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण 2024, ए.ई.ओ. सर्व लोकसभा निर्वाचन 2024, दिलीप नायक प्रबंधक लीड बैंक ऑफिस (सेल) बैंक ऑफ बड़ोदा फ र्स्ट फ लोर सिविक सेंटर, इंदिरा प्लेस भिलाई एवं उपसंचालक जनसंपर्क एवं नोडल अधिकारी एमसीएमसी को प्रवर्तन विभाग से संबंधित प्रावधानों की पीपीटी अथवा ट्रेनिंग मटेरियल के साथ ईईएम दलों के प्रशिक्षण के लिए उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों का संयुक्त प्रशिक्षण

**दुर्ग।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु जिले अंतर्गत विधानसभावार सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। सभी सेक्टर अधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस अधिकारियों का संयुक्त प्रशिक्षण 5 अप्रैल 2024 को दोपहर 3 बजे से कला मंदिर, सिविक सेंटर भिलाई, जिला दुर्ग में आयोजित किया गया है। सेक्टर अधिकारियों को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर शासकीय महाविद्यालय वैशाली नगर के सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय कुमार दास तथा शा.उ.मा.वि.नारथा के व्याख्याता एच. एस. भुवाल द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उक्त प्रशिक्षण में समस्त सेक्टर अधिकारी तथा सेक्टर पुलिस अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य होगी। प्रशिक्षण स्थल में समस्त सेक्टर अधिकारी तथा सेक्टर पुलिस अधिकारी विधानसभा क्षेत्रवार अपने दल के साथ ही बैठेंगे।

# बीएसपी टाउनशिप में दो साल के भीतर 01 हजार से ज्यादा कब्जे किए ध्वस्त

## आवास के साथ अवैध कब्जों का कराया खाली

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग ने विगत वित्त वर्ष 2023–24 में भू–माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध लगातार कड़ी और बड़ी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई से बड़ी संख्या में अवैध कब्जा हटाया गया और भू माफ़िआओं पर सशक्त कार्रवाई की गई। बीते दो वर्षों में बीएसपी प्रबंधन द्वारा 1000 से ज्यादा अवैध कब्जों को हटाया गया। प्रवर्तन अनुभाग द्वारा संपदा न्यायालय द्वारा पारित डिक्री प्रकरणों पर पुलिस बल और मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में कार्रवाई की गई।

संयंत्र के नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन अनुभाग ने विगत दो वर्षों में लगभग एक हजार से अधिक अवैध कब्जा के प्रकरणों को खाली करवाया है। विगत वित्त वर्ष 2021–22 में 212, वित्त वर्ष 2022–23 में 289 और वित्त वर्ष 2023–24 में 137 अवैध कब्जा वाले आवास प्रकरणों को रिक्त करवा कर हैंड ओवर किया है। संपदा न्यायालय से डिक्री के 2021–22 में 102, वर्ष 2022–23 में 116 और वर्ष 2023–24 में 76 प्रकरणों को रिक्त करवा कर सुपुर्द किया है। प्रवर्तन अनुभाग द्वारा कुल निष्पादित डिक्री की संख्या 76 रही, जिसमें भूमि डिक्री निष्पादन की संख्या 37 तथा हाउस डिक्री निष्पादन की संख्या 39 है। खाली कराये गये कुल क्वाटर्स की संख्या 137 रही। इन कार्रवाई से कुल भूमि पुर्न प्राप्ति क्षेत्र 43.5 एकड़ रहा, जो नगर सेवाएं विभाग के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नगर सेवाएं विभाग इस कार्रवाई को और भी सशक्त और संगठित रुप से जारी रखेगी और इस्पात नगरी को अवैध कब्जाधारियों से मुक्त करायेगी।



### गोल्ड सोप एवं मसाला फैक्टरी का कब्जा बेदखल

गोल्ड सोप एवं मसाला फैक्टरी में विगत कई वर्षों से किये गए अवैध कब्जे को संपदा न्यायालय के डिक्री आदेश पर 26 दिसम्बर, 2023 को परिसर से बेदखल कर सील किया गया। रिसाली बीएसपी मार्केट के पास रोड़ किनारे नगर पालिक निगम रिसाली द्वारा स्थापित, 27 गुमटी को 12 दिसम्बर, 2023 को हटाया गया। इस गुमटियों को भिलाई इस्पात संयंत्र के बिना एनओसी के स्थापित किया गया था। उक्त स्थल पर संचालित सभी 27 गुमटियों को हटाते हुए, बीएसपी भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया।

### मिराज सिनेमा व परिसर को किया गया सील

इसके साथ ही न्यू सिविक सेन्टर शॉप क्रमांक 100 मिराज सिनेमा (पार्ट–2) के अवैध कब्जाधारियों को बेदखल कर परिसर को सील किया गया। इस शॉप के एक बडे हिस्से को पूर्व में 04 फरवरी, 2023 को अवैध कब्जाधारियों से खाली करा कर सील किया गया था। सेक्टर 04 ए मार्केट के पास अवैध कब्जाधारियों द्वारा, मार्केट के आस–पास कब्जा किए 35 अवैध दुकानों को 16 मार्च, 2024 को हटाया गया। सेक्टर 03 बोरिया गेट के सामने रोड नं. के किनारे, बीएसपी भूमि पर निर्मित एच एस सी एल गोदाम पर अवैध कब्जा को डिक्री आदेश के अनुपालन में 11 मार्च, 2024 को हटाया गया। एच एस सी एल कॉलोनी मरोदा के पास, बीएसपी स्वामित्व की भूमि पर अवैध कब्जाधारियों के विरूद्ध, लगभग 2.5 एकड भूमि को कब्जाधारियों से 07 फ़रवरी, 2024 को कब्जामुक्त कराया गया। वहीँ 23 जनवरी, 2024 को शिवपारा नेवई स्थित बीएसपी भूमि से लगभग 30,000 वर्ग फीट भूमि से अवैध कब्जा खाली कराया गया।

### सेक्टर-2 से पावर हाउस तक 103 कब्जे हटाए

अण्डर ब्रिज सेक्टर–2 से भिलाई पावर हाउस रेल्वे स्टेशन तथा इक्यूपमेंट चौक से फ्लाई ओवर ब्रिज पावर हाउस तक, लगभग 103 अवैध दुकानों को हटाकर कब्जामुक्त कराया गया। टाउनशिप के मुख्य मार्गों, चौक–चैराहों से लगभग 125 अवैध ठेला, स्टॉल इत्यादि को जप्त किया गया तथा 230 अवैध ठेलों स्टॉलों को हटाया गया। प्रवर्तन अनुभाग एवं ट्रेफ़िक पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से, मुख्य मार्गों से अवैध ठेला व्यवसायियों को हटाने लगभग 25 बार संयुक्त कार्यवाही की गयी। टाउनशिप क्षेत्र में लगाए गए लगभग 9,600 अवैध बैनर पोस्टर को हटाया गया। नगर सेवाएं विभाग के प्रवर्तन टीम द्वारा अवैध कब्जाधारियों को चेतावनी देकर लगभग 522 नोटिस जारी किया गया। साथ ही 491 कब्जाधारियों को समझाइश दी गई, काउंसलिंग की गई। इसके साथ ही विगत वित्त वर्ष में प्रवर्तन टीम द्वारा लगभग 525 अवैध कब्जों को तोडा गया। 607 सम्पत्तियों के सर्वे रिर्पोट बनाए गए तथा 516 जगहों का निरीक्षण भी किया गया। इसके अतिरिक्त, रिसाली नेवई क्षेत्र से नेवई रोड नहर किनारे नर्सरी को काट कर अवैध प्लांटिंग कर, आवासीय निर्माण किया जा रहा था, जिसे 28 जनवरी, 2024 को इस क्षेत्र से लगभग 4 एकड बीएसपी भूमि को कब्जामुक्त कराया गया।

# कलेक्टर ने दाऊ वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग का किया निरीक्षण



**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने अंजोरा स्थित पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र एवं विश्वविद्यालय से संबंधित समस्त गतिविधियों एवं समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान जिला पचांयत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन भी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने विश्वविद्यालय में चल रहे शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार कार्यों की समीक्षा एवं निरीक्षण किया।

विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा दुर्ग में डेयरी, बकरी, मुर्गी पालन इकाई, विभिन्न विभागों वेटनरी पब्लिक हेल्थ एवं एन.सी.सी. रेजीमेंट के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कुलपति आरआरबी सिंह ने कॉलेज के बारे में बताया कि यहां जिला स्तर पर हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है, अभी इसकी क्षमता बढ़ाकर राज्य स्तर पर अपग्रेड किया जा रहा है। उन्होंने बताया यहां छात्र–छात्राएं परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत कुछ ने अपना निजी क्लीनिक प्रारंभ किया और डॉक्टर के रूप में प्राइवेट प्रैक्टिस कर रहे हैं। कुछ छात्र–छात्राएं विभिन्न मेडिकल कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं। कुछ ने पशु चिकित्सा की प्रशासनिक एवं अकादमिक सेवा को अपना भविष्य चुना है।

कलेक्टर सुश्री चौधरी ने विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा बतायी गई समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने अधोसंरचना की प्रमुख समस्याओं जैसे बाउण्ड्रीवॉल, सड़क तथा अन्य मरम्मत कार्यों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। कलेक्टर ने पशु वीर्य अनुसंधान केंद्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पाले जा रहे अलग–अलग प्रजाति के सांडो का अवलोकन किया। डॉक्टर ने बताया कि यहां पर जर्मनी के सांडों की प्रजाति भी रखी गई है।

उन्होंने ओसामाना बादी बकरी पालन केंद्र, घुड़सवारी स्थल, अंजोरी एवं अन्य नस्लों की मुर्गी/अण्डा यूनिट, बटेर पालन आदि गतिविधियों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने महाविद्यालय के शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार कार्यों की प्रशंसा की। साथ ही महाविद्यालय से पशुधन प्रक्षेत्र हेतु पक्की सड़क निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया।

# संयंत्र ने सेलेबल स्टील में अब तक की सर्वश्रेष्ठ लोडिंग दर्ज की



**भिलाई।** सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र ने वित्त वर्ष 2023–24 में उत्पादन के सभी प्रमुख मापदंडों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करने के साथ ही ब्लास्ट फर्नेस में ईंधन के रूप में प्रयुक्त होने वाले ड्राई ब्लास्ट फर्नेस कोक उत्पादन, ओर हैंडलिंग प्लांट (ओएचपी) में मटेरियल हैंडलिंग, रिफ्रैक्टरी मटेरियल प्लांट–3 (आरएमपी–3) में लाइम और कैल्साइंड डोलोमाइट का उत्पादन तथा प्लेट मिल में हाई टेंसाइल प्लेटों के उत्पादन में रिकॉर्ड दर्ज किया है। वित्त वर्ष 2023–24 में संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग ने 3.19 मिलियन टन ड्राई ब्लास्ट फर्नेस कोक उत्पादन दर्ज कर, अब तक के किसी भी वित्तीय वर्ष के लिए सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज किया।

इसके साथ ही कोकओवन ने वित्त वर्ष 2010–11 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 3.12 मिलियन टन उत्पादन को पार किया। वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान ओएचपी ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ कुल 22.23 मिलियन टन मटेरियल हैंडलिंग कर, वित्त वर्ष 2022–23 में दर्ज 20.75 मिलियन टन के पिछले सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड को पार किया। मॉडेक्स इकाई, आरएमपी–3 ने भी अब तक का सर्वश्रेष्ठ 6.34 लाख टन लाइम और कैल्साइंड डोलोमाइट उत्पादन दर्ज किया, जो कि वित्त वर्ष 2022–23 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 4.96 लाख टन से कहीं अधिक है। वर्ष के दौरान प्लेट मिल का व्यापक कैपिटल रिपेयर किया गया। वित्त वर्ष 2023–24 में मिल ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ 2,63,230 टन स्पेषल स्टील हाई टेंसाइल ग्रेड प्लेटों का उत्पादन कर, वित्त वर्ष 2014–15 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 2,37,708 टन को पार किया। मर्चेंट मिल और वायर रॉड मिल ने पिछले वित्तीय वर्ष 2022–23 की तुलना में अच्छी वृद्धि दर्ज की है। प्रोडक्शन शॉप्स द्वारा अब तक उच्चतम उत्पादन दर्ज करने के फ्लस्वरूप संयंत्र ने वित्त वर्ष 2023–24 के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ 5.21 मिलियन टन सेलेबल स्टील लोडिंग कर, वित्त वर्ष 2022–23 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ 4.77 मिलियन टन लोडिंग को पार किया। टेक्नो–इकॉनामिक्स के क्षेत्र में, संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेसों ने वित्त वर्ष 2023–24 में अब तक का उच्चतम कोल डस्ट इंजेक्शन (सीडीआई) दर 120 किलोग्राम प्रति टन हॉट मेटल दर्ज किया।

# लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरुकता अभियान, शत प्रतिशत मतदान का लिया संकल्प

**दुर्ग।** लोकसभा निर्वाचन–2024 आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के फ्लस्वरूप जिले में 18 वर्ष एवं अधिक उम्र के लोगों को अपने मताधिकार का प्रयोग निश्चित रूप से करने एवं लोकतंत्र के पर्व में सहभागी बनाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत गुरुवार को कलामंदिर परिसर, सिविक सेन्टर भिलाई में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं समाज कल्याण विभाग के समन्वय से जिले के दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक एवं उभयलिंगी समुदाय के व्यक्तियों तथा विभाग द्वारा अनुदानित संस्थाओं ब्राईट शिक्षण एवं मानव कल्याण समिति दुर्ग, प्रयास श्रवण विकलांग संस्थान सुपेला भिलाई, त्रिविधा विकास समिति भिलाई, तुलसी लोक विकास संस्थान भिलाई, मानवता लायंस बोरसी, स्नेह संपदा विद्यालय भिलाई के दिव्यांग छात्र–छात्राओं एवं वृद्धाश्रम के वरिष्ठजन इस कार्यक्रम में शामिल हुए।



कार्यकम का प्रारंभ निर्वाचन सूर्य के प्रदर्शन से किया गया जिसमें सभी उपस्थित जनसमूहों को सूर्य की किरणों की भांति कतार में खड़ा कराया जाकर सभी को मताधिकार का प्रयोग करने हेतु शपथ दिलाया गया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विभिन्न संस्थाओं के छात्र–छात्राओं के द्वारा प्रदर्शित आर्ट गैलरी का अवलोकन किया गया। उक्त अवसर पर नेत्रहीन दिव्यांगजनों को होने वाली समस्याओं को समझने हेतु कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अश्वनी देवांगन, आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई देवेश ध्रुव, उपजिला निर्वाचन अधिकारी बजरंग दुबे, अपर कलेक्टर एवं सहायक रिटर्निंग आफि सर भिलाई योगिता देवांगन, डिप्टी कलेक्टर लवकेश कुमार ध्रुव द्वारा अपने आंखों में पट्टी बांधकर ब्लाइंड छड़ी लिए नेत्रहीन संवेदीकरण का प्रदर्शन किया गया।

इसके बाद मंचीय कार्यक्रम संपन्न कराया गया जिसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि कलेक्टर ऋ चा प्रकाश चौधरी द्वारा मां सरस्वती का तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक अमित परिहार द्वारा वृक्ष पॉट से किया गया एवं आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यकम का संक्षिप्त वाचन किया गया।

इस मौके पर कलेक्टर ऋ चा प्रकाश चौधरी ने कहा कि सभी लोग यहां से संकल्प लेकर जाए कि लोकसभा निर्वाचन 07 मई 2024 को होने वाले मतदान के दिन अपने साथ–साथ परिवार व अन्य लोगों को मताधिकार का प्रयोग कराया जाना है। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं निर्वाचन स्वीप कार्यकम के नोडल अधिकारी अश्वनी देवांगन द्वारा उपस्थित दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को कोई व्यक्ति मत देने से न छुटे इस उद्देश्य से सभी मतदान केन्द्रों में व्हील चेयर की उपलब्धता एवं कतार में खड़े होने की जरूरत नही होने की बात कहीं तथा अन्य अधिकारियों द्वारा भी अपना मत, अपना अधिकार, अपना कर्तव्य को व्यर्थ नही करने एवं लोकतंत्र की त्योहार में सभी को सम्मिलित होने हेतु अपील की गई।

### राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती स्पर्धा

# नेशनल चैंपियनशिप के लिए हुआ खिलाड़ियों का चयन

**भिलाई।** 21वीं राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन पॉवर जिम,सेक्टर 6 भिलाई में आयोजित की गई थी। जिसमें विजेता खिलाडियों का चयन राष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता किया गया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता नागपुर में 6 जून से 10 जून 2024 में आयोजित होगी। इस प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के चेयरमैन बृज मोहन सिंह, अध्यक्ष जी.सुरेश पिल्लई, पॉवर लिफ्टिंग संघ से नागभूषण, कृष्णा साहू उपस्थित थे, आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के महासचिव श्रीकांत के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

### यह रहे विजेता

**सब जूनियर बालक 15 वर्ष तक**

प्रतियोगिता मे 180 से अधिक खिलाडियों ने भाग लिया जो कि विभिन्न जिलों से आये हुए थे। जिसमे यूथ एवं महिला वर्ग में रुपाली फुले (डोंगरगड़) ने एवं बालिका वर्ग मे सुरएय्या फातिमा (भिलाई) चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब अपने नाम किया।



जूनियर बालक सुमित तिवारी (बेमेतरा) एवं सीनियर पुरुष मे अब्दुल कादिर (भिलाई) चैंपियन ऑफ चैंपियन का खिताब जीता। इस प्रतियोगिता मे मुख्य निर्णायक एवं तकनीकी सलाहकार राष्ट्रीय रेफ्री ऋषभ जैन थे। साथ ही राष्ट्रीय रेफ्री सन्नी बँसोड, खुशी सिंह, श्रवण कुमार, स्नेहा, अब्दुल कादिर शामिल हुए। ऑफिशियल कार्य आशीष बंसोड, राम साहू, आकाश पाल, मुकेश, हर्ष, दिलीप दलाई, मयंक ओझा, रुपाली फुले, संतोष, आकाश साव, नोखेज अनवर के द्वारा किया गया। समापन समारोह मे सभी अतिथियों एवं महासचिव श्रीकांत ने खिलाडियों को शुभकामनाएं दी है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### यह रहे विजेता

**सब जूनियर बालक 15 वर्ष तक**

45 किलोग्राम प्रथम आर्यन कुमार सिंह, द्वितीय जीतन चौहान,कौशल दास।
50 किलोग्राम प्रथम साहिल खान, द्वितीय आकाश मिश्रा,तृतीय अंश वर्मा।
60 किलोग्राम प्रथम विवेक मेशेकर, द्वितीय देवराज सिंह राजपूत।
65 किलोग्राम प्रथम विशेष शुक्ला, द्वितीय प्रीत कोगे।

सब जूनियर बालिका 15 वर्ष तक:
45 किलोग्राम प्रथम सुराय्या फातिमा।

### राइट हैंड जूनियर बालक 18 वर्ष तक

50 किलोग्राम प्रथम अभिषेक देवांगन, द्वितीय सहबाज अंसारी, तृतीय के. रोहित।
55 किलोग्राम प्रथम कृष श्रीवास, द्वितीय रोहन सेन, तृतीय यश धोते।
60 किलोग्राम प्रथम कमरान सिद्दीकी, द्वितीय अंशदीप सिंह, तृतीय आशीर्वाद पंडा।
65 किलोग्राम प्रथम प्रवीण टोप्पो, द्वितीय हिमांशु गुप्ता, तृतीय प्रियांशु सोनी।
70 किलोग्राम प्रथम सिद्धार्थ, द्वितीय आदित्य राज शर्मा, तृतीय मिहिर।
75 किलोग्राम प्रथम तिलक बेहरा, द्वितीय रोशन नाग, तृतीय देव तिवारी।
80 किलोग्राम प्रथम सत्यम जोशी, द्वितीय सख्यम पात्रों।।
90 किलोग्राम प्रथम अक्षत द्विवेदी, द्वितीय होमेश्वर, तृतीय देव सिंह भदौरिया।
+90 किलोग्राम प्रथम सुमित तिवारी, द्वितीय आर्यन सोनी।

# निगम आयुक्त द्वारा शहर की साफ सफाई का निरीक्षण

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आज आयुक्त लोकेश चन्द्राकर द्वारा स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली व स्वास्थ्य विभाग टीम अमला के साथ शहर की साफ – सफाई का जायजा लेने के लिये अल सुबह निरन्तर निरीक्षण कर रहे है।उनके इस तरह के निरीक्षण से शहर को लाभ मिलने लगा है।



गुरुवार को उन्होंने सख्ती दिखाते हुए और भी बेहतर तरीके से सफाई के निर्देश दिये।नगर निगम आयुक्त ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। स्वास्थ्य विभाग अमला फील्ड में दिखे साथ ही सुपर वाइजरो को नसीहत दी कि बारीकी से अपनी कमियां ढूढ़े और शीघ्रता से दूर करें। निगम आयुक्त श्री चंद्राकर ने गंदगी फेंकने वालो के विरूद्ध स्पॉट फाईन और सीएण्डडी वेस्ट फेंकने वालो पर सख्त चालानी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शुक्रवार को प्रातः सुराना कॉलेज वार्ड 41 में नाला सहित ठगड़ा बांध ओवरब्रिज आदि क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और ओवर ब्रिज के नीचे तथा जेल तिराहों सहित अन्य जगहों पर बेहतर सफाई करने की बात कही। आयुक्त  ने वार्ड में सफ ाई देख सफाई कर्मियों से चर्चा कर कहा कि निर्धारित समय तक साफ-सफाई करें। प्रतिदिन कचरा उठाएं, गली मोहल्ले सहित मुख्य मार्गो एवं मंदिर परिसर के आस पास गंदगी न फैले इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने स्वच्छता निरीक्षक से कहा कि अपने क्षेत्र के उद्यान में भी समय–समय पर साफ –सफाई कराकर कचरा उठावे तथा तालाब के आसपास साफ-सफाई कराएं। सफाई निरीक्षण के दौरान उन्होंने गलियों, सडकों एवं नालियों की नियमित सफाई करने के निर्देश दिए।और निरीक्षण के दौरान उन्होंने मौजूद अधिकारी को जहाँ वाटर लीकेज ठीक करने के भी निर्देश दिए।

लोकशक्ति
www.lokshakti.in

# गार्डन बचाने के उददेश्य से ग्रीन आर्मी का होली मिलन संपन्न



**रायपुर!** विगत दिनों ग्रीन आर्मी संस्था द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन डीडीयू नगर सखी सहेली गार्डन किया गया प्रदेश मिडिया प्रभारी शशीकांत यदु ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य भेंट मुलाकात के साथ डीडीयू नगर स्थित गार्डन को बचाना रहा। यह गार्डन विगत कई वर्षों से वीरान होने के साथ साथ असामाजिक तत्वों अड्डा बना हुआ था गार्डन में लाइट,पानी, चौपट पेड़ मुरझाए हुए एवँ गंदगी का अंबार हो गया था जिससे स्थानीय निवासी परेसान निराश और हताष हो गये थे ग्रीन आर्मी संस्था को इसकी जानकारी मिलते ही गार्डन बचाने में जुट गये संस्था ने निरंतर 6 माह तक सफाई अभियान जारी रखा आखिरकर सफलता हासिल हुई स्थानीय निवासी मार्निगं इवनिंग वाक करने लगें लाईट पानी शुरू हुई मुरझाये फुल-पेड़ खिलने लगे गार्डन में रौनकता वापस आई।

ज्ञात हो इस गार्डन में संस्था द्वारा होली मिलन करने का मुख्य उददेश्य असमाजिक तत्वों को खदेडना एवं स्थानिय निवासीयों को भय मुक्त करने के साथ औपचारीक भेंट मुलाकात रहा। इस आयोजन में संस्था के लगभग 150 सदस्यों के साथ स्थाानिय निवासी भी शामिल रहे इस दौरान लोगों ने एक दूसरें को अबीर गुलाल लगकार एवं फुलो से होली खेल शुभकामनायें दी। होली मिलन के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए तिन घंटे तक गीत संगीत की धुन पर बच्चे युवा बुजूर्ग जमकर थिरके। मुख मुरली बजाय श्री कृष्ण गोंविंद बस आज की रात है जिन्दगी अब तो बुढापा आयों रे राम जी की निकली सवारी तेरे जैसा यार कंहा एवं सांसकृतिक समारोह में नन्हे मुन्ने बच्चों ने प्रस्तुती देकर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत पर उपस्थित लोगों ने स्वलपहार आदी का आनंद भी लिया।

इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि आशु चन्द्रवंशी ने ग्रीन आर्मी की सराहना करते हुए कहा कि जल्द की बापू की कुटीया का निर्माण एवं आगें गार्डन की आवश्यकताओं को पूरा किया जायेगा। संस्था डीडीयू नगर अध्यक्ष श्याम बघेल ने कहा यह प्रेम की जीत का पर्व है आपसी द्वेष और अहंकार को मिटाने वाला त्योहार है हमारी किसी से लडाई नही पर्यावरण संरक्षण हमारा मुख्य उददेश्य है। इसलिये हमने गार्डन को बचाने हेतू जमिनी लडाई लड़ी। डीडीयू नगर सचिव नारायण प्रसाद सेन ने कहा अब सखी सहेली गार्डन पूर्व जैसे आमजनमानस के लिये तैयार हो गया है वातावरण स्वच्छ एवं सुन्दर हो गया है स्थानीय निवासीयों से आहान करते है गार्डन में आवागमन जारी रखे स्वास्थ का लाग लेवे साथ ही इससे असामाजीक तत्वों का जमावडा नही हो पायेगा।

रायपुर जिला अध्यक्ष श्री गुरदीप टूटेजा ने आपस में प्रेम बांटते हुए संगठीत होकर गार्डन के देख-रेख में जुटने हेतू अपील कीया। संपूण कार्यक्रम का शानदार संचालन श्रीमति मोनिका बागरेचा एवं मिस्टर टारगेट द्वारा किया गया जिनके कुशल संचालन से कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनमानस अपने स्थान पर जमे रहे।

कार्यक्रम के इस अवसर पर मुख्य रूप से नवीन शर्मा जी विधायक प्रतिनिधि संस्था प्रदेश अध्यक्ष श्री अमिताभ दुबे पूर्व अध्यक्ष श्री मोहन वल्यानी श्रीमति रात्रि लहरी डॉ हितेश दिवान, डीडीयू नगर से आर एस राय डीपी श्रीवास गजेन्द्र राठोर जीएस गुप्ता राज श्रीवास विजेन्द्र सेन एवं समस्त जोन पदाधिकारी सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# निर्वाचन में नामांकन का कार्य महत्वपूर्ण, त्रुटिरहित करें कार्य कलेक्टर



## कलेक्टर की उपस्थिति में नाम निर्देशन के संबंध में जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन



जांजगीर चांपा /लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नाम निर्देशन के संबंध में प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत नियुक्त जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा नाम निर्देशन कार्य हेतु नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों को विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कलेक्टर श्री छिकारा ने कहा की निर्वाचन की प्रक्रिया में नामांकन एक महत्वपूर्ण चरणों में से एक है इसमें त्रुटि की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए, इसलिए प्रत्येक कार्य को सजगता से और त्रुटिरहित करें। बैठक में बताया गया कि नाम निर्देशन पत्र अवकाश दिवस को छोड़कर प्राप्त कर सकते है। इस दौरान मास्टर ट्रेनर ने नामांकन प्रक्रिया, दस्तावेज, चेक लिस्ट जैसे विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि नामांकन की प्रक्रिया का पूर्ण होने तक नामांकन की वीडियोग्राफी होना है और नामांकन की प्रक्रिया प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक चलेगी। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक अवकाश की तिथि में नाम-निर्देशन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय ,उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, एसडीएम चांपा श्री नीरनिधि नंदेहा एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# अवैध परिवहन एवं उत्खनन करते पाये जाने पर 8 वाहन जप्त



**जांजगीर-चांपा** / कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशन में खनिज विभाग के सहायक उडनदस्ता दल प्रभारी श्री पी डी जाडे एवं टीम द्वारा जिला जॉजगीर चांपा के पामगढ, शिवरीनारायण, देवरघट्टा एवं बिर्रा क्षेत्र में खनिजों के अवैध परिवहन/भण्डारण/उत्खनन करने वाले वाहनो/ स्थानो का औचक जाँच किया गया। खनिज अधिकारी श्री हेमंत चेरपा ने बताया कि जाँच के दौरान जिले में अवैध परिवहन करने वाले खनिज खनिज रेत के 06 'प्रकरण, मिट्टी (ईट) के 01 प्रकरण, तथा मुरूम के 01 प्रकरण दर्ज किया गया। इस प्रकार जिले में खनिजो के अवैध परिवहन करने वाले कुल 08 वाहनो को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया जाकर खनिज नियमो के अंतर्गत कार्यवाही की जावेगी।

कलेक्टर श्री आकाश छिकारा के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा विशेष अभियान चलाकर निरन्तर जाँच किया जा रहा है। अवैध उत्खननकर्ताओं, परिवहनकर्ताओं, भण्डारणकर्ताओ के विरूद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित कर जल-जीवन मिशन के कार्य को शीघ्र पूरा करें : सांसद मोहन

**बालोद**



सांसद मोहन मण्डावी की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष सांसद मोहन मण्डावी ने कहा कि राज्य व केंद्र सरकार के द्वारा आम जनता के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है।

उन्होंने जिले के अधिकारियों को आम जनता को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य से जुड़े विभागों के अधिकारियों को सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा जिले में प्रगतिरत जल-जीवन मिशन के कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत की अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव सहित जनपद पंचायतों के अध्यक्षों के अलावा यज्ञदत्त शर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा अपर कलेक्टर शशांक पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर योगेन्द्र श्रीवास सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# लाठी के चक्कर में बुरे फंसे महंत

## निर्वाचन आयोग ने दिए कार्रवाई के निर्देश...

**रायपुर ।** प्रधानमंत्री मोदी पर दिए अपने बयान के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत बुरी तरह फंस गए हैं। यह मामला राष्ट्रीय स्तर पर भी उठाया गया है। इसके बाद शुक्रवार को निर्वाचन आयोग ने चरणदास महंत के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दे दिया है। बता दें, चरणदास महंत ने 3 अप्रैल को राजनांदगांव में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के नामंकन रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सिर पर लाठी मारने कहा था। हालांकि, अगले दिन अपने बात से पलटते हुए उन्होंने बयान जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ी नहीं समझने वाले लोग मेरी बात को समझ नहीं पाए और इसे खामोख्वाह बात का बतंगड़ बना रहे हैं।

इसके बाद भाजपा इसको लेकर आक्रमक हो गई। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जवाबी हमला करते हुए कहा कि हिम्मत है तो पहले लाठी उन्हें मारे। ऐसे ही वित्त मंत्री ओपी चौघरी ने भी नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ बयान जारी किए। उधर,



दिल्ली में बीजेपी के नियमित प्रेस कांफ्रेंस में भी यह मामला उठा और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस पार्टी को इस हेट स्पीच के लिए आड़े हाथ लिया। मामला प्रधानमंत्री से जुड़ा है, लिहाजा निर्वाचन आयोग ने भी इसे गंभीरता से लिया। महंत पार्टी के स्टार प्रचारक हैं, अधिकारियों का कहना है कि स्टार प्रचारक के खिलाफ राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय या डिस्ट्रिक्ट इलेक्शन आफिसर सीधे एक्शन नहीं ले सकता। इसलिए इलेक्शन कमीशन ने आज दोपहर महंत के खिलाफकार्रवाई करने का आदेश दे दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने इसे राजनांदगांव जिला प्रशासन को भेज दिया गया। इलेक्शन कमीशन का आदेश समाचार लिखे जाने तक राजनांदगांव के थाने में पहुंच गया है। मगर पुलिस इस उलझन में है कि किस धारा में अपराध दर्ज किया जाए?

# ओडिशा से लेकर आये थे गांजा, दुर्ग जाने से पहले पहुंचे जेल...

## आरपीएफने 48 किलो गांजा के साथ 3 तस्करों को पकड़ा

रायपुर रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन नारकोस के तहत बड़ी कार्रवाई की है। आरपीएफ ने लगभग 14 किलो गांजा के साथ 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। तीनो आरोपी ओडिशा के रहने वाले हैं और वहीं से गांजा लेकर बेचने के लिए दुर्ग जा रहे थे। तीनो आरोपियों को रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 7 से गिरफ्तार किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 अप्रैल को मंडल टास्क टीम-1 रायपुर और आरपीएफपोस्ट रायपुर के साथ चेकिंग के दौरान मुखबीर की सूचना के आधार पर रेसुब पोस्ट रायपुर प्रभारी एम के मुखर्जी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक के.बी.गुप्ता, सउनि डी.के.वर्मा, प्रआ/पी.के.मेश्राम, आरक्षक/एस.के.गिरी ,आ.देवेश सिंह, आर.पी.एफ टीम ने रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 7 में 3 संदिग्ध व्यक्ति को रात 10.30 बजे घेरा बंदी कर पकड़ा। चेकिंग के दौरान आरोपी सुशील सेलमा पिता राज सेलमा उम्र. 27 वर्ष निवासी-पडकीमाल पोस्ट-बड़भैरो थाना-तरभा जिला-सोनपुर (ओडिशा) के पास रखे 1 नीला ग्रे रंग का पिठू बैग के अंदर रखे 6 पैकेटो (6 द्मद्द 300 द्दद्ब) महेन्द्र प्रधान वल्द बीरप्रधान उम्र. 24 वर्ष निवासी-पडकीमाल पोस्ट-बड़भैरो थाना-तरभा जिला-सोनपुर (ओडिशा) के पास रखे एक पिठू बैग नीला ग्रे रंग के अंदर 5 पैकेट (वजन 05 द्मद्द 200 द्दद्ब) व एक नग स्काई ब्लू रंग का ट्राली बैग के अंदर रखे 14 पैकेट (वजन 14 किलो 600 ग्राम) तथा विश्वनाथ नाग पिता शंकरनाग उम्र. 23 वर्ष निवासी-पडकीमाल पोस्ट-बड़भैरो थाना-तरभा जिला-सोनपुर (ओडिशा) के पास रखे एक पिठू बैग ग्रे रंग के अंदर रखे 7 पैकेट (वजन 7 द्मद्द 300 द्दद्ब) व एक नग ग्रे रंग का ट्राली बैग के अंदर रखे 14 पैकेट (वजन 14 द्मद्द 700 द्दद्ब) गांजा बरामद हुआ।

तीनो आरोपियो से मिले 46 पैकेट मादक पदार्थ वजन 48 कि. 100 द्दद्ब जिसका कीमती लगभग 962000/ (नौ लाख बैसठ हजार रुपया) ,उक्त आरोपियो को एनडीपीएस एक्ट के तहत् गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उन्होंने ओडिशा के बलांगीर से गांजा खरीदा था और ट्रेन से रायपुर आये थे।



## विधायक अनुज शर्मा व खुशवंत साहिब जांजगीर मे आज





जांजगीर चांपा विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन दिनांक 6 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे *ओम मंगलम जोबी* (जिला भाजपा कार्यालय जांजगीर के पीछे) में आयोजित किया गया है। *इस बैठक में लोकसभा प्रभारी मान श्री गौरीशंकर अग्रवाल, छ.ग. विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष मान. श्री नारायण चंदेल, लोकसभा संयोजक मान. श्री कृष्णकांत चंद्रा, जिलाध्यक्ष मान. श्री गुलाब सिंह चंदेल, पूर्व विधायक, सह संयोजक मान. ष्द्ध. खिलावन साहू, लोकसभा प्रत्याशी मान. श्रीमती कमलेश जांगड़े, विधानसभा प्रभारी, मान. श्री ज्योति लाल पटेल सोशल मीडीया प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे* *जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं से विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील विधानसभा संयोजक अरूण झाझडिया ने की है ।

## खास खबर



### दो इनामी महिला नक्सली गिरफ्तार ग्रामीण की हत्या और अन्य मामलों में थी शामिल

**बीजापुर।** कुटरू व फरसेगढ़ थाना की संयुक्त पुलिस टीम ने एक लाख की इनामी एलजीएस सदस्य सहित दो महिला नक्सलियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पकड़ी गई नक्सली महिला ग्रामीण की हत्या, मारपीट और पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना में शामिल थी।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, नक्सल विरोधी अभियान के तहत बुधवार को फरसेगढ़ व कुटरू थाना की संयुक्त टीम ने चुचकोंटा से एक महिला नक्सली पोयामी सन्नी उर्फ रंजिता (34) निवासी चुचकोंटा थाना फरसेगढ़ को गिरफ्तार किया। पकड़ी गई महिला नक्सली ग्रामीण की हत्या मारपीट व पुलिस पार्टी पर हमला करने की घटना में शामिल थी। पुलिस अधीक्षक बीजापुर ने उक्त महिला की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार का इनाम घोषित किया था। फरसेगढ़ थाना में उसके खिलाफ पांच स्थायी वारंट लंबित हैं।

वहीं, दूसरी तरफ केतुलनार से फरसेगढ़ एलजीएस सदस्य पोयाम फगनी (30) निवासी केतुलनार थाना कुटरू को पकड़ा गया। पकड़ी गई नक्सली महिला के खिलाफ छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत एक लाख का इनाम घोषित है। पकड़ी गई महिला नक्सली 10 सितंबर 2015 को एडापल्ली के जंगल मे पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने की घटना में शामिल थी।

### व्यापारी के कार से एफएसटी की टीम ने जब्त किए दो लाख रुपए

**जांजगीर चांपा।** जिले में लोक सभा चुनाव को लेकर चेक पोस्ट बनाया गया है। जिसमे एफएसटी की टीम लागतार आने जाने वाले वाहनों की जांच में जुटी हुई है। टीम को जांच के दौरान कार क्रमांक सीजी 11बीई 5457 में सवार होकर सक्ती जिले के नगर पंचायत चंद्रपुर निवासी नंदर लाला देवांगन किराना और मनिहारी व्यवसाय करता है। बिलासपुर अपने काम से जा रहा था। नंदर लाला देवांगन चंद्रपुर से बिलासपुरजा रहा था। एफएसटी की टीम ने कार से जब्त किया दो लाख रुपए, वाहन को रोकवाकर चेकिंग की गई तो उसके पास से 2 लाख 90 हजार रुपए मिलने पर धारा 91 के तहत नोटिस दी गई। रकम के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया। जिसपर नदंर लाल देवांगन के कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही कर सका। जिसपर नगदी रकम 2 लाख 90 हजार रुपए को जब्त कर नंदर लाला देवांगन के विरुद्ध धारा सीआरपीसी की धारा 102 के तहत इस्तगाशा बनाया गया है। जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

# नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी पुलिस की गिरफ्त में आया बदमाश

## ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को बनाता था निशाना, अन्य आरोपियों की तलाश

**भिलाई। शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को सरकारी नौकरी का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले शातिर बदमाश को सुपेला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर 15 से 20 युवाओं को अपना शिकार बनाया और लगभग 71 लाख रुपए की ठगी की थी। इस मामले में पुलिस में शिकायत के बाद लगातार आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस बीच मुखबिर की सूचना पर मुख्य आरोपी अर्जुन मानिकपुरी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। वहीं इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।**



सुपेला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी तिवेन्द्र कुमार सिन्हा निवासी ग्राम रावा तहसील तरसीवा धतमरी अर्जुनी ने अपने अन्य पीड़ित साथियो के साथ थाना सुपेला पहुंचकर इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में उसने बताया कि सुपेला निवासी अर्जुन मानिकपुरी अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर मंत्रालय एवं अन्य विभागो में नौकरी लगाने के नाम से पैसे लिए। उसके अलावा 15 से 20 अन्य युवाओं से उसने रुपए लिए लेकिन नौकरी किसी की भी नहीं लगी। इस मामले में सुपेला पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की।

इधर अपराध दर्ज होने की सूचना मिलने के बाद आरोपी अर्जुन मानिकपुरी फरार हो गया। सुपेला पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए मुखबिर लगा रखे थे। इस बीच अर्जुन मानिकपुरी अपने घर परिवार के लोगों से मिलने पहुंचा और इसकी भनक पुलिस को लग गई। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर अर्जुन मानिकपुरी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ने पूछताछ में अपने अन्य साथियों के साथ प्रार्थी तिवेन्द्र कुमार सिन्हा से 7,10,000 रुपए व अन्य 15-20 युवकों से करीबन 71 लाख रुपए की ठगी की। आरोपी के खिलाफ सुपेला पुलिस द्वारा 420, 467, 468, 471, 120बी के तहत कार्रवाई की गई। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी सुपेला निरीक्षक राजेश मिश्रा, उप निरीक्षक अमित अंदानी, प्रधान आरक्षक उपेन्द्र सिंह, आरक्षक विकास तिवारी, विवेक सिंह, फराज खान, महात्मा साहू आदि का विशेष योगदान रहा।

# भिलाई में दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार

## एक आरोपी 10 साल बाद पकड़ाया



**भिलाई।** छावनी थाना पुलिस ने 10 साल पुराने मामले में फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा महाराष्ट्र के तुमसर थाना क्षेत्र के एक स्थायी वारंटी को भी पकड़कर वहां की पुलिस को सौंपा गया है। आरोपियों के नाम राजू उर्फ नेपाली और शुभम अशोक नंदी हैं।

दरअसल लंबे समय से फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए दुर्ग पुलिस ऑपरेशन ईगल चला रही है। इसके तहत 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता हाथ लगी है। एक मामले में आरोपी राजू उर्फ नेपाली के खिलाफ 10 साल पहले छावनी थाने में अपराध दर्ज किया गया था। न्यायालय से जमानत मिलने के बाद से आरोपी फरार था। कोर्ट की पेशी में भी वो नहीं जा रहा था।

कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी के आदेश जारी किए थे। गुरुवार को मुखबिर से मिली सूचना पर आरोपी को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। कोर्ट में राजू को पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

वहीं दूसरे आरोपी शुभम अशोक नंदी को भी छावनी थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर तुमसर पुलिस को सौंप दिया है। आरोपी के खिलाफमहाराष्ट्र के भंडारा जिले के तुमसर थाने में चोरी का मामला दर्ज था। कोर्ट से जमानत मिलने के बाद से आरोपी फरार था। उसकी लोकेशन दुर्ग में मिली, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# रायपुर में ड्रम में भरकर छिपाया डीजल, 300 लीटर जब्त, 4 आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर।** पुलिस ने ड्रम में भरकर डीजल छिपाने के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने 300 लीटर डीजल का अवैध तरीके से भंडारण किया हुआ था। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। मामला विधानसभा थाना इलाके का है।

विधानसभा पुलिस को सूचना मिली थी कि कचना चौक से विधानसभा जाने वाली सड़क पर एक खाली प्लॉट में कुछ ड्रम रखे हुए हैं, जिनमें डीजल भरा हुआ है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर उमेश साव नाम के व्यक्ति से पूछताछ की, तो पूरे मामले का खुलासा हुआ। आरोपी ने कुछ ड्रम और 2 जरकीन में अवैध तरीके से डीजल को इकट्ठा कर रखा था। पुलिस को आरोपियों के पास से 29 हजार रुपए कैश भी मिले हैं, जो उन्होंने डीजल बेचकर कमाए थे। इस मामले में पुलिस ने उमेश साव, राकेश साव, उमेश राजवंशी और रामाश्रय मांझी को गिरफ्तार किया है।

# 22 लाख रुपए के गांजा सहित अन्तर्राज्यीय आरोपी गिरफ्तार

■ **गांजा खपाने ग्राहक का कर रहा था इंतजार, पुलिस ने दी दबिश**



**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एक बार फिर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। अन्तर्राज्यीय आरोपी बड़ी मात्रा में छत्तीसगढ़ में गांजा खपा रहा था। मौके पर पुलिस ने 110 किलोग्राम गंजा और चारपहिया वाहन के साथ अन्तर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गांजा की कीमत 22 लाख रुपए और 4.5 लाख रुपए की कीमत के चारपहिया वाहन जब्त किया है।

चार अप्रैल को मुखबिर से थाना अभनपुर पुलिस को सूचना मिली कि अभनपुर धमतरी मार्ग पर एक व्यक्ति अपने चार पहिया वाहन में गांजा की तस्करी करने वाला है। वह ग्राहक की तलाश में हैं। इसकी सूचना मिलते ही थाना पुलिस टीम गठित कर मुखबिर के बताए जगह पर पहुंची। पुलिस ने घेराबंदी कर दबीश देकर आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम पंचानन 41 साल निवासी मालपाड़ा, ओडिशा का होना बताया। इस दौरान आरोपी के कार का चेकिंग किया गया। उसके चारपहिया वाहन में भारी मात्रा में गांजा होना पाया। आरोपी के कब्जे से 110 किलो ग्राम मादक पदार्थ गांजा व चारपहिया वाहन जब्त किया गया। मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए NDPS act के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मामले में आगे जांच की जा रही है।

## दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

# एक ने युवती को दिया शादी का झांसा तो दूसरे ने नाबालिग को बनाया शिकार

**गौरेला पेंड्रा मरवाही।** जिले में दुष्कर्म के दो अलग-अलग मामलों पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहला मामले में पीड़िता के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया गया। वहीं दूसरे मामले में एक युवक नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया और उसे अपनी हवस का शिकार बनाया। फिलहाल पुलिस दोनों की मामलों में जांच में जुटी है।



दोनों मामले गौरेला थानाक्षेत्र के ही हैं। जहां पहले मामले में एक 30 साल की युवती ने थाने पहुंचकर एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि वो पेंड्रा थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली है और रोजी मजदूरी करती है और गौरेला थानाक्षेत्र में किराए के मकान में रहकर काम करती है। पीड़िता की माने तो 2018 में उसकी पहचान पेंड्रा के अमरपुर गांव में रहने वाले सुनील सोनवानी से हुई और वह पीड़िता के साथ शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने लगा। पीड़िता जब भी उससे शादी करने की बात कहती तो आरोपी टालमटोल करता रहता। 2018 से नवंबर 2023 तक उसने पीड़िता के साथ संबंध बनाए। आरोपी ने पीड़िता से शादी के लिए मना कर दिया। जब पीड़िता को खुद के साथ हुए धोखे का एहसास हुआ तो उसने गौरेला थाने में इसकी शिकायत की। गौरेला पुलिस ने पेंड्रा के अमरपुर गांव में रहने वाले सुनील सोनवानी के खिलाफ 376 का अपराध दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और मामले की जांच में जुट गई।

वहीं दूसरे मामले में नाबालिग बच्ची जो अपनी नानी के घर पर रहती थी। आरोपी मध्यप्रदेश के अनुपपुर जिले के भेजरी गांव में रहने वाला है। वो नाबालिग को अपने साथ बहला फुसलाकर ले गया जिसके बाद पीड़ित के परिजनों के द्वारा मामले की शिकायत गौरेला थाने में की गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और परिजनों की मदद से नाबालिग को मध्यप्रदेश के अनुपपुर जिले के भेजरी गांव के रहने वाले तीरथ यादव के घर से बरामद किया। पुलिस के द्वारा नाबालिग का बयान लिया गया, बच्ची के साथ युवक ने दुष्कर्म किया है। पुलिस ने मामले में आरोपी तीरथ यादव को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

# सरकारी जमीन पर कब्जा कर चला रहे थे ईंटभट्ठा, 6 भट्ठे सील

**बिलासपुर। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में प्रयागराज के ठेकेदारों के 6 ईंट भट्ठों को सील कर दिया गया है। ठेकेदारों ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर ईंट भट्ठा बना लिया था। गुरुवार को कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग ने 6 ईंट भट्ठों के ठेकेदार पर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की।**



जानकारी के मुताबिक, पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम जोंधरा में शिवनाथ नदी के तट पर पिछले लंबे समय से सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर ईंट भट्ठा का संचालन किया जा रहा था। यहां पिछले 3 महीने से प्रयागराज के 6 ठेकेदार जोंधरा में आकर मजदूरों से ईंट बनवा रहे थे, जिसके लिए सरकारी जमीन को खोदकर मिट्टी का उपयोग किया जा रहा था। इसके बाद भी खनिज विभाग की टीम ने कोई कार्रवाई नहीं की। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी जमीन पर कब्जे के इस खेल में खनिज विभाग के अफसरों की भी मिलीभगत है।

ठेकेदारों ने लाखों की संख्या में ईंटें बनवा ली थीं। कुछ दिन पहले ईंट का पंजा भट्?ठा बनाकर कोयले से आग लगाकर उसे पकाया जा रहा है। इस बीच कलेक्टर अवनीश शरण से मामले की शिकायत की गई। उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए मस्तूरी एसडीएम अमित सिन्हा को जांच कर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इस कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों ने खनिज विभाग पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि स्थानीय लोग इस तरह से सरकारी जमीन पर ईंट बनाकर भट्?ठा संचालित करते, तो खनिज विभाग की टीम मौके पर पहुंच जाती। वहीं, दूसरे राज्यों से आकर ठेकेदारों ने खुलेआम ईंट बनाकर अवैध भट्ठा लगा लिया, बावजूद इसके विभाग के अफसर आंख मूंद कर बैठे रहे।

### संयुक्त टीम ने लिया एक्शन, 6 भट्ठों को किया गया सील

इसके बाद एसडीएम अमित सिन्हा के निर्देश पर ईंट भट्ठों की जांच की गई। जांच में शिकायत सही मिलने पर राजस्व और खनिज विभाग की टीम गुरुवार को मौके पर पहुंच गई। टीम ने ठेकेदारों से पूछताछ के बाद ईंट भट्ठों को सील कर दिया है। साथ ही पुलिस और ग्राम पंचायत के सरपंच को निर्देशित किया है कि ठेकेदारों को ईंट न निकालने दें। ठंडी होने पर खनिज विभाग सभी ईंटों को जब्त करने की कार्रवाई करेगा। फिलहाल, ठेकेदारों के खिलाफखनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। जिन ठेकेदारों पर कार्रवाई की गई है, उनमें शिव प्रसाद, रामलाल, बैशाखू राम, मुन्नी लाल, संतोष और ननका सिंह शामिल हैं।

# बुलेट में साइलेंसर से पटाखा फोड़ना पड़ा भारी, 35 सौ चालान काटा और साइलेंसर भी किया जब्त

■ **दुर्ग पुलिस के यातायात विभाग की कार्रवाई, वाट्सएप नंबर पर आए वीडियो के आधार पर कार्रवाई**




**भिलाई।** शहर में मोडिफाईड सायलेंसर बुलेट में लगाकर पटाखा फोड़ना चालक को भारी पड़ गया। यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा 3500 रुपए का चालान कर साइलेंसर जब्त किया गया। यातायात हेल्पलाईन नंबर 94791-92029 पर आये वीडियो के आधार पर यह कार्रवाई की गई। साथ ही चालक को भविष्य में इस प्रकार लापरवाही न करने की समझाईश भी दी गई।

पुलिस अधीक्षक दुर्ग जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर एवं उप पुलिस अधीक्षक, यातायात सतीष ठाकुर एवं सदानंद विन्ध्यराज के नेतृत्व में यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा आम नागरिको के लिए यातायात से संबंधित शिकायत एवं सुझाव संबंधित हेल्पलाईन नंबर जारी किया गया है। जिसमें बुधवार को एक बार फिर आम नागरिक के द्वारा एक बुलेट वाहन चालक के द्वारा बुलेट वाहन से फटाका फोड़ते हुए आम नागरिक को परेशान करता हुआ वीडियो प्राप्त हुआ था। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा तत्काल कार्रवाई करने निर्देश दिया गया।

उक्त वाहन नंबर के आधार पर वाहन चालक पता कर वाहन चालक एवं बाईक को यातायात मुख्यालय लाया गया और वाहन चालक को एवं परिजन को भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही नहीं करने हेतु समझाईस देते हुए अपने और मित्रों एवं आम नागरिको को ऐसे लापरवाहीपूर्वक न करने हेतु अपील की गई। वाहन चालक के उपर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा लापरवाही पूर्वक वाहन चालन एवं बिना लायसेंस वाहन चालन के धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए 3500 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

यातायात पुलिस ने अपील करते हुए कहा कि यदि आपके आस पास इस प्रकार के लापरवाह वाहन चालक या मोडिफाईड सायलेंसर का उपयोग करने वाले वाहन हो तो उसका वाहन नंबर के साथ यातायात हेल्पलाईन नंबर पर फोटो वीडियों भेजें। जिस यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जावेगी एवं जानकारी देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। यदि आपके क्षेत्र में भी ऐसे वाहन चालक है तो उनका फोटो और वीडियों यातायात हेल्प नंबर 9479192029 पर भेजे यातायात पुलिस दुर्ग द्वारा निरंतर कार्रवाई किया जा रहा है।

### हार के डर से अनर्गल बयानबाजी कर रही कांग्रेस : साव

रायपुर, । कर्नाटक से कांग्रेस नेता और विधायक प्रियांक खरगे के बयान पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने तगड़ा जवाब देते हुए कहा कि पिछले कई सालों से कांग्रेस के नेता ऐसा कह रहे है. ईडी ने कार्रवाई की है, तो किसी को जमानत नहीं मिली। साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई हुई है. भाजपा को किसी को बिना आधार के फंसाने की जरूरत नहीं है. दिल्ली में इंडिया गठबधंन की रैली पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में जो जेल में बंद हैं, उसके समर्थन में ये आंदोलन कर रहे है. इसका जवाब जनता उन्हें देगी. वहीं जमीन रजिस्ट्री शुल्क में 30 प्रतिशत की छूट के समाप्त होने पर डिप्टी सीएम ने कहा कि पिछले 5 साल में कांग्रेस ने किसके लिए काम किया. कांग्रेस ने अपने लोगों को लाभ देने की व्यवस्था की थी. वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि क्यों और किसके लिए किया. हमारी सरकार में वो योजना लागू नहीं होगी.

### खाद्य लाइसेंस शिविर के दौरान किया गया मतदाता सामूहिक शपथ

सारंगढ़-बिलाईगढ़, कलेक्टर श्री धर्मेश कुमार साहू और नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ अवधेश पाणिग्राही और उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के मार्गदर्शन में सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत सरसीवा में शनिवार को खाद्य कारोबार कर्ताओं का एफएसएसएआई के तहत खाद्य अनुज्ञप्ति / पंजीयन बनवाने हेतु शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे 04 अनुज्ञप्ति और 37 पंजीयन के लिए आवेदन प्राप्त हुआ। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संध्या महिलांग के द्वारा खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 के संबध में जानकारी व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। शिविर में आए लोगों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ भी दिलवाया गया।

## संक्षिप्त खबरें...

### अवैध रेत उत्खनन, रॉयल्टी चोरी, परिवहन व भण्डारण पर की गई कार्यवाही

कोरबा, 05 अप्रैल (आरएनएस)। कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में जिले में खनिज विभाग द्वारा गौण खनिज आधारित क्षेत्रों से रेत के अवैध परिवहन, रॉयल्टी चोरी, उत्खनन एवं भंडारण पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इस हेतु जिले के नगरीय निकाय सहित ग्रामीण क्षेत्रों पर खनिज अमलो की तैनाती कर नियमित कार्यवाही की जा रही है। खनिज अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गौण खनिज रेत की रॉयल्टी चोरी की रोकथाम हेतु विभागीय अमला द्वारा उरगा, कनकी, कुरूडीह, बरमपुर, ईमलीडुग्गु भिलाईखुर्द आदि स्थानों से विगत 30 मार्च से 01 अप्रैल तक कुल 11 प्रकरण दर्ज किया गया है। जिसके अंतर्गत गौण खनिज रेत के 06 प्रकरण दर्ज कर 1 लाख 32 हजार 693 रुपए अर्थदंड वसूल किया गया है एवं गौण खनिज पत्थर के 05 प्रकरण में आरोपित राशि 2 लाख 01 हजार 414 रुपए वसूल किया गया। इस प्रकार कुल 11 प्रकरणों में कुल 3 लाख 34 हजार 160 रुपए अर्थदंड वसूल कर खनिज आय मद में जमा किया गया है। उक्त प्रकरणों में वाहनों को जप्त कर खान एवं खनिज सहित गौण खनिज के विभिन्न अधिनियमों अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

### महिला के खाते से 7 लाख से अधिक रकम पार

रायपुर, 05 अप्रैल (आरएनएस)। लक्ष्मीनगर पचपेड़ी नाका में पैसे मिलने का प्रलोभन देकर महिला के खाते से अज्ञात आरोपी नरे 7 लाख 26 हजार 804 रुपए आहरण कर लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया प्रियंका दाउ 35 वर्ष लक्ष्मीनगर पचपेड़ीनाका की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के मोबाइल पर अज्ञात नंबर 85229-69113 से कॉल आया था। उक्त व्यक्ति ने प्रार्थिया को फोन पर कहा कि आपको एक टास्क देंगे, जिसके बदले आपको पैसा मिलेगा कहकर प्रलोभन दिया। जिसके बाद आरोपियों ने प्रार्थिया को टास्क देते हुए उसके खाते से 7 बार में 7,26,804 रुपए अपने खाते में जमा करवाकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### घर के बाहर खड़ी एक्टिवा पार

रायपुर, 05 अप्रैल (आरएनएस)। वल्लभ सोसायटी टैगोरनगर में घर के बाहर खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विजय बोहरा 38 वर्ष वल्लभ सोसायटी टैगोरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 केबी 2720 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 14 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मॉल में महिला का पर्स पार

रायपुर, 05 अप्रैल (आरएनएस)। कलर्स मॉल में अज्ञात चोर ने महिला का पर्स पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया तनिष्का मनवानी 40 वर्ष श्यामनगर तेलीबांधा की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया कलर्स मॉल गई थी, जहां अज्ञात चोर ने प्रार्थिया का पर्स पार कर दिया। चोरी गए पर्स में मोबाइल व नकदी 2300 रुपए था। प्रार्थिया की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### तीन वाहन चालक के खिलाफ पुलिस ने की कार्रवाई

रायपुर, 05 अप्रैल (आरएनएस)। धरसींवा पुलिस ने सांकरा नया ओव्हरब्रीज में ट्रक खड़ी कर आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले तीन वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है।

मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने सांकरा ओव्हरब्रीज में खड़ी ट्रक क्रमांक सीजी 08 एयू 9351 का चालक नरेन्द्र यादव, सीजी 19 बीएफ 4214 का चालक कमल सिंह व ट्रक क्रमांक सीजी16 ए 1610 का चालक संतोष टण्डन के खिलाफ धारा 283 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 6 सटोरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर, 05 अप्रैल (आरएनएस)। राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सट्टा खिलाते 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित नकदी रकम व लेपटाप, मोबाइल जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम बहनाकाड़ी चौक में दबिश देकर सट्टा खिलाते आरोपी मनोज सोनवानी 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 4 नग सट्टा-पट्टी सहित नकदी 520 रुपए जब्त किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने गोल्डन स्काई ग्राण्ड इम्पिरिया होटल के पास सट्टा खिलाते आरोपी सौरव प्रेमचंदानी 30 वर्ष सहित अन्य 3 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 2 नग लेपटॉप, टीवी, 14 नग मोबाइल जब्त किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने ग्राम बैकुण्ठ में सट्टा खिलाते आरोपी धीरेन्द्र जायसवाल 43 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# कांग्रेस में घोर हताशा और निराशा

**रायपुर, ।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनांदगांव समेत प्रदेश की लोकसभा सीटों से 384 उम्मीदवारों को नामांकन पत्र जमा करने की अपील पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तंज कसते हुए कहा कि पहले इतना नामांकन जमा तो करा लें। जिनको लोकतंत्र के महापर्व पर भरोसा नहीं है उनके बारे में क्या कहें?

सीएम श्री साय ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर प्रदेश में भाजपा के पक्ष में वातावरण बन गया है। कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। राजनांदगांव लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय की नामांकन रैली में उमड़ी भीड़ इस बात का सबूत है। रैली में कार्यकर्ताओं की ऐतिहासिक भीड़ थी। भीड़ देखकर और कार्यकर्ताओं के मन में जग रहे उत्साह से यह साफ हो गया है कि इस बार हम प्रदेश की सभी



11 सीटों पर जीत दर्ज करेंगे। कांग्रेस में हताशा का माहौल है। प्रदेशभर से बड़ी संख्या में कांग्रेस के जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। मैं भरोसे के साथ कह सकता हूं कि इस बार छत्तीसगढ़ की पूरी सीटें हम जीतेंगे। आरएसएस के संबंध में कांग्रेस के नेताओं की टिप्पणी के सवाल पर सीएम साय ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचाराधारा से ये वाकिफ नहीं हैं। तभी ऐसी बातें कर रहे हैं। जिन लोगों ने यह टिप्पणी की है उनको यह याद रखना चाहिए कि कांग्रेस के बड़े नेता समय-समय पर आरएसएस की विचारधारा और कामकाज के तरीके को लेकर गुणगान कर चुके हैं।

### सीएमएचओ द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर चुईया का किया गया आकस्मिक निरीक्षण

**कोरबा ।** कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी द्वारा विभागीय गतिविधियों के सतत् मॉनिटरिंग हेतु कोरबा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजगरबहार के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर चुईया का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिर चुईया मे संधारित आर.सी.एच. रजिस्टर, टीकाकरण रजिस्टर एच.आर.पी. रजिस्टर, ओ.पी.डी. रजिस्टर, एन.सी.डी. रजिस्टर, रेफरल पंजी सहित अन्य अभिलेखों सहित परिसर का अवलोकन किया तथा अपूर्ण जानकारियों को अद्यतन करने के निर्देश दिए ।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर चुईया में पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कुमारी यामिनी जायसवाल के कार्यों में लापरवाही तथा कार्यों में तत्काल सुधार करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया। उन्होंने सेक्टर प्रभारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अजगरबहार को निर्देश जारी किया कि अधीनस्थ स्वास्थ्य संस्थाओं में आयोजित होने वाले टीकाकरण सत्रों से पूर्व हितग्राहियों को एक दिन पूर्व सूचना अवश्य देना है, जिससे सत्र प्रभावित ना हो, उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जानकारी पंजी में अद्यतन करावे तथा उनकी एल. एम. पी. तथा ई.डी.डी. की जानकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रदर्शित कराएं। समस्त पंजी जैसे ओ.पी.डी.पंजी, एन.सी.डी.पंजी, आर.सी. एच. पंजी समस्त जानकारी अद्यतन कराएं।

समस्त टीकाकरण सत्रों पर ही ए.वी.डी.एस. के

### नकली उत्पाद की शिकायत मिलने पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने दी दबिश



राजनांदगांव, 05 अप्रैल (आरएनएस)। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशानुसार नकली उत्पादन की शिकायत पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा राजनांदगांव शहर के लगभग 1 दर्जन से अधिक रिटेल एवं थोक व्यापारियों के यहां दबिश देकर जांच पड़ताल की गई। उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने बताया कि वचन घी निर्माता कंपनी द्वारा वचन शुद्ध घी 15 लीटर की डुप्लेकेसी के संबंध में शिकायत दर्ज करायी गई थी। विनिर्माता कंपनी के अनुसार कंपनी द्वारा वचन घी 15 लीटर टिन का निर्माण पूर्व में ही बंद किया जा चुका है, किंतु शहर के बाजार में वचन घी 15 लीटर टिन की बिक्री एवं भंडारण किया जा रहा है, जो कंपनी का उत्पाद नहीं है। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा लगातार जांच पड़ताल की गई। जांच के दौरान आरके ट्रेडर्स राजनांदगांव में संदेहास्पद वचन घी 15 लीटर टिन पाई गयी, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री डोमेन्द्र ध्रुव के अनुसार मौके से वचन घी की गुणवत्ता एवं अन्य परीक्षण हेतु सेंपल जप्त कर लगभग 42 हजार रूपए मूल्य की वचन घी 15 लीटर टिन को संचालक की अभिरक्षा में अभिगृहित किया गया है। संदेहास्पद वचन घी के निर्माता व वितरक आदि की जांच की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। जांच दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री डोमेन्द्र ध्रुव, सुश्री अंगेश्वरी कचलाम, श्री नेमीचंद पटेल, श्री भूषण तंवर सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा खाद्य उपभोक्ताओं से खाद्य सामग्री की गुणवत्ता देखकर उपयोग करने तथा गुणवत्ता संबंधी शिकायत के लिए विभागीय हेल्प लाईन नंबर 9340597097 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई है।

## माता देवालयों में चैत्र नवरात्रि की तैयारियां जोरशोर से जारी

**रायपुर,** 05 अप्रैल (आरएनएस)। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राजधानी रायपुर सहित पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में नव अप्रैल से धूमधाम से नवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। चैत्र नवरात्र जिसे वासंती नवरात्र भी कहते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार मां दुर्गा के नवस्वरूपों की नवरात्रि में विधिविधान से पूजन करने पर श्रद्धालुओं को न केवल अक्षय सुखों की प्राप्ति होती है अपितु उनके जीवन में आने वाली विघ्न बाधाओं को मां हर लेती है। चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर राजधानी रायपुर के प्राचीन मंदिर कलचुरि कालीन मां महामाया मंदिर पुरानी बस्ती, मां दंतेश्वरी मंदिर कुशालपुर, कालीमाता मंदिर महादेवघाट, आमापारा एवं आकाशवाणी रायपुर मरहीमाता मंदिर, बंजारी माता मंदिर, मावली माता मंदिर, कंकाली मंदिर, चंद्रहासिनी मंदिर चंद्रपुर, रतनपुर महामाया मंदिर, अंबिकापुर, बम्लेश्वरी माता मंदिर डोंगरगढ़ सहित प्रदेश के माता देवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा माता के दर्शन के साथ ही जगराता भजन कीर्तन आदि का आयोजन किया जाएगा। इस हेतु समस्त माता देवालयों में नवरात्रि की तैयारियां एवं श्रृंगार आदि के संबंध में मंदिर समिति के सदस्यों द्वारा बैठकों का दौर जारी है। जंवारा बोना एवं घी एवं तेल के ज्योति कलशों के रखरखाव की तैयारियां जारी है। गौरतलब है कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रायपुर सहित प्रदेश के अनेक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से मां बम्लेश्वरी के दरबार डोंगरगढ़ के लिए पदयात्रियों का जत्था बड़ी संख्या में दर्शन के लिए आठ अप्रैल की शाम को रवाना होगा। मुख्य सचिव छग शासन डीजीपी छग एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा दुर्ग संभाग के आयुक्त एवं जिलाधीशों एवं पुलिस अधीक्षको को पदयात्रियों की सुरक्षित पदयात्रा के लिए आवश्यक निर्देश जारी किये गये हैं।

## आबकारी घोटाले में आरोपी अरविंद सिंह और अनवर ढेबर को एसीबी ने किया गिरफ्तार



रायपुर, 05 अप्रैल (आरएनएस)। आबकारी घोटाले में जमानत पर चल रहे आरोपी अरविंद सिंह और अनवर ढेबर को एसीबी ने कुम्हारी टोल प्लॉजा के पास से गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि हाई कोर्ट से जमानत मिलने के बाद बुधवार रात जेल से छूटा अरविंद सिंह अनवर ढेबर के साथ भागने की फिराक में था। जिसे एसीबी की टीम ने कुम्हारी टोल प्लॉजा के पास से गिरफ्तार कर लिया। अरविंद सिंह को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया तथा 7 दिन की रिमांड मांगी गई। कोर्ट ने अरविंद सिंह को 8 अप्रेल तक रिमांड पर सौंप दिया है। शराब घोटाले में अरविंद सिंह के साथ अनवर ढेबर का नाम आरोपी के तौर पर दर्ज है। ईडी ने अरविंद को 10 महीने पहले दुर्ग से गिरफ्तार किया था जिसे बुधवार रात ही जमानत मिली थी और गुरूवार सुबह उसे फिर एसीबी की टीम ने गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट से रिमांड पर लेने के बाद एसीबी/ईओडब्ल्यू पूछताछ करेगी।

## 09, 10, 17 व 21 अप्रैल को बंद रहेगा पशुवध कार्य

**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को दिनांक 9, 10, 17 व 21 अप्रैल को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। इन तिथियों में किसी प्रकार का पशुवध न होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 09 अप्रैल गुडीपाडवा , 10 अप्रैल चैटीचांद, 17 अप्रैल को रामनवमी तथा 21 अप्रैल को महावीर जयंती के विशिष्ट अवसर पर पशुवधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करने के निर्देश समस्त पशुवधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों को दिए है। उक्त तिथियों में यदि किसी भी दुकान में मांस का विक्रय किया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित समस्त वधशालाओं एवं मांस विक्रय की दुकानों को दिनांक 9, 10, 17 व 21 अप्रैल को पूर्ण रूप से बंद रखा जाएगा। इन तिथियों में किसी प्रकार का पशुवध न होगा और न ही मांस का विक्रय होगा। निगम द्वारा 09 अप्रैल गुडीपाडवा , 10 अप्रैल चैटीचांद, 17 अप्रैल को रामनवमी तथा 21 अप्रैल को महावीर जयंती के विशिष्ट अवसर पर पशुवधगृहों व मांस विक्रय की दुकानों को पूर्ण रूप से बंद रखने तथा किसी भी प्रकार का पशुवध न करने और न ही मांस का विक्रय करने के निर्देश समस्त पशुवधगृह संचालकों व संबंधित दुकानदारों को दिए है। उक्त तिथियों में यदि किसी भी दुकान में मांस का विक्रय किया जाता है तो मांस जप्त कर संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## कांग्रेसी सचेत रहें, बड़े-बड़े धोखेबाज घूम रहे हैं: डॉ. महंत

### बीजेपी की घोषणाएं और सपने महज चुनावी दिखावा

### बरपाली ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में ली गई शपथ

कोरबा, कोरबा संसदीय क्षेत्र के रामपुर विधानसभा में ब्लॉक स्तरीय कांग्रेस कमेटी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया, जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल विशेष तौर पर उपस्थित रहे। उपस्थित समस्तजनों ने कांग्रेस की जीत दर्ज कराने की शपथ ली।

रामपुर विधानसभा के ब्लॉक कमेटी बरपाली अंतर्गत ग्राम मड़वारानी में आयोजित ब्लॉक स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में डॉ.चरणदास महंत ने कहा कि हम अपने लोगों को संगठित करने के लिए उनके बीच जा रहे हैं। चुनाव में उन्हें सचेत कर रहे हैं कि बड़े-बड़े धोखेबाज घूम रहे हैं जिनसे सचेत रहें। विधानसभा क्षेत्र में काफी पुराने और खानदानी कांग्रेसी हैं जिनसे मुलाकात कर चुनाव में सजग रहने कहा जा रहा है और उनके मार्गदर्शन में कांग्रेस प्रत्याशी की




जीत तय है। इस दौरान डॉ. महंत ने कहा कि बीजेपी वाले बहुत सपना देखने वाले लोग हैं, वे तत्काल यहां से गाड़ी चलाने वाले थे लेकिन गाड़ी तो चल नहीं रही बल्कि 200 से ज्यादा नहीं चल रही, कैंसल कर रहे हैं। घर-घर महिलाओं को एक-एक हजार रुपए देने का वादा किया, पर तीन माह हो गये यह कहीं दिख नहीं रहा। महंगाई रोकने के लिए कोई काम नहीं हुआ, अभी पेट्रोल के दाम कुछ कम किए हैं। यह सब एक महीने का चुनावी दिखावा है। डॉ. महंत ने कहा कि यह क्षेत्र कांग्रेस का है, यहां के लोग सीधे-सादे सरल, लोगों को पसंद करते हैं इसलिए प्रत्याशी ज्योत्सना महंत को यहां से जीत मिलेगी। डॉ. महंत ने कहा कि वे हम लोगों को क्यों तोड़ रहे हैं, क्या जरूरत पड़ गई कि हर कांग्रेसी के घर जाकर उनके पांव छू कर निवेदन कर रहे हैं, उन्हें डरा रहे हैं। इसका अर्थ है कि वे खुद डरे हुए हैं कि उनकी सरकार नहीं बन रही है और वे इसलिए हमारे लोगों को तोड़-फोड़ कर अपनी सेना में ले जा रहे हैं। कार्यकर्ता सम्मेलन में महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रभा तंवर, करतला जनपद अध्यक्ष सुनीता देवी कंवर, जिला पंचायत अध्यक्ष नीलिमा धृतलहरे, जिला पंचायत सदस्य गोदावरी प्रमोद राठौर, जनपद सदस्य अनिता रात्रे, महिला कांग्रेस जिला महामंत्री संगीता जांगड़े, रामपुर मीडिया प्रभारी चित्रलेखा श्रीवास के अलावा पूर्व जनपद अध्यक्ष सरमन सिंह कंवर, मेंहदी चैहान, संतोषी सोनी, रेवाराम चंद्रवंशी, मनबोधी दास महंत, ललित पटेल, नरेंद्र सिंह कंवर, मुकुत राम आदिले, हीरा राव, रामजी महाराज, देवमूरत कंवर, अमृतलाल यादव, लखन लहरे, रामनाथ, प्यारेलाल, रामेश्वरी कुर्रे, राजबाई यादव, अमरीका बाई, देवी सिंह सिदार, भगऊ राम सोनवानी, कांति देवांगन, संतोष सूर्या, छतराम सोनवानी, ओमप्रकाश बरेठ, रोहित दास महंत, बृजबाई, मोती महंत, सतरूपा बाई महंत, समारिन महंत, मोहन दास महंत, मनीराम यादव, श्यामसुंदर यादव, कार्तिक राम बरेठ, संतन डहरिया, सुभउ राम, रामलाल कंवर, साहेबलाल बरेठ आदि उपस्थित रहे।

## समग्र शिक्षा विभाग ने बिना टेंडर के जारी कर दिया करोड़ों की राशि,सरकारी राशि का बंटरबाट,गुड गवर्नेस पर भष्ट्राचार जारी

**लोकशक्ति,रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार गुड गवर्नेस सुशासन, ईमानदारी और पारदर्शिता की बात करती लेकिन जमीनी स्तर पर दिखाई नहीं दे रहा है। सरकार के नाक के नीचे करोड़ों की राशि बिना टेंडर ही जारी कर दिया। उक्त बात विनित चन्द्रवंशी ने कही।

ताजा मामला है शिक्षा विभाग का समग्र शिक्षा विभाग ने स्कूल के आवश्यक सामग्री उपकरण सहित अन्य स्कूल की जरूरत की चीजें की खरीदी के लिए 15 करोड़ की राशि बिना टेंडर की जारी कर दिया। जबकि सरकारी नियमों के अनुसार 50 हजार के ऊपर की राशि के लिए टेंडर जारी करना अनिवार्य है। राशि की पारदर्शिता के लिए टीडीएसएनडी पोर्टल में सरकारी सामग्री



खरीदने की प्रक्रिया है लेकिन इसमें भी कोई खरीदी नहीं की गई है। सारे नियमों को ताक पर रखकर विभाग ने मनमर्जी से सरकारी राशि को प्रिंसिपल के एकाउंट में राशि को हस्तांतरित कर दिया है। शिक्षा विभाग ने राशि तो जारी कर दिया है। लेकिन इस राशि का कितने प्रतिशत सदुप्रयोग किया जाएगा। इसका कोई निश्चित प्रक्रिया और पारदर्शिता नहीं बरती गई है। सरकारी राशि का बंदरबाट होने की पूर्ण आशंका है। वहीं आठ कंपनी के नाम जिसमें लेनेट, इन्दुश, ग्रामतरंग, स्कील टी, वेदान्ता,लक्शा,आईसेक्ट कॉर्डिनेटर के माध्यम से विभाग इन कंपनियों को राशि जारी करता है। सरकारी राशि का बंदरबाट को पूर्ण रूप से लगाम लगाने के लिए विनित चन्द्रवंशी ने शुक्रवार को राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपकर जांच कराने की मांग की गई है। निश्चित समय तक जांच नहीं होती है तो इस पर व्यापक रूप से आंदोलन करनी की बात गई गई है।

## विद्युत विभाग के सब डिवीजन कार्यालय में लगी भीषण आग

**रायपुर ।** गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के भारत माता चौक के पास बिजली विभाग के सब डिवीजन कार्यालय में आज दोपहर लगी भीषण आग से अफरा-तफरी मच गई है। आग की विभीषिका का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आग बुझाने के लिए यहां दमकल की 6 गाड़ियां लगी हुई है।

सूत्रों की माने तो भारत माता चौक के पास ही बिजली विभाग के सब डिवीजन कार्यालय में आज दोपहर अचानक आग लग गई। आग लगने का काम फिलहाल अज्ञात है। माना जा रहा है कि तेज गर्मी और उचित रख-रखाव न होने की वजह से अथवा शॉट-सर्किट की वजह से यह आग लगी होगी। आग लगते ही तत्काल दमकल विभाग को इसकी सूचना



दी गई। मौके पर सबसे पहले दमकल की एक वाहन पहुंचा था। यहां की लपटों को देख तत्काल फोम टेंडर वाहन मंगाया गया। देखते ही देखते आग बढ़ती गई और यहां आग बुझाने के लिए दमकल की करीब 6 वाहनें पहुंच चुकी थी। समाचार लिखे जाने तक यहां आग बुझाने का प्रयास जारी था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)